रोहतक
शुक्रवार, 8 अगस्त 2025
श्रावण मास शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 189
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 37.5
न्यून. 22.6

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 80,623.26 | 79.21 ▲ |
| निफ्टी | 24,596.15 | 21.95 ▲ |

| धातु | कीमत | तेजी |
|---|---|---|
| सोना | 1,02,620/- | 3600/- ▲ |
| चांदी | 1,14,000/- | 1500/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | बढ़ोतरी |
|---|---|---|
| रुपया | 87.58 | 14 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 67.24 बैरल | 0.52% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

# मतदाता सूची पर मचा घमासान

## राहुल ने वोट चोरी के सबूत का दावा कर इसे संविधान के खिलाफ अपराध बताया



- कांग्रेस नेता ने हरियाणा, महाराष्ट्र व कर्नाटक का जिक्र कर एक घंटा 11 मिनट तक 22 पेज का प्रेजेंटेशन दिया, कहा-इसलिए कांग्रेस हारी
- **कर्नाटक की मतदाता सूची दिखाते हुए कहा कि वोटर लिस्ट में लाखों संदिग्ध वोटर मौजूद**
- चुनाव में धांधली के सबूत एकत्रित करने में छह माह का समय लगा, चुनाव आयोग जवाब दे

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

बिहार चुनाव से पहले मतदाता सूची को लेकर घमासान मचा हुआ है। इस मुद्दे नेता विपक्ष राहुल गांधी और चुनाव आयोग आमने-सामने हैं। राहुल ने गुरुवार को कर्नाटक, हरियाणा और महाराष्ट्र का जिक्र कर चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला और भाजपा को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया। राहुल ने कर्नाटक के एक विधानसभा क्षेत्र का डेटा सामने रखते हुए कहा कि मतदाता सूची में हेरफेर करके वोट चोरी का यह मॉडल कई निर्वाचन क्षेत्रों में लागू किया गया, ताकि भाजपा को फायदा मिल सके। यह संविधान के खिलाफ अपराध है। उन्होंने कर्नाटक के महादेवपुरा विधानसभा के मतदाता सूची के आंकड़ों की प्रस्तुति दी और धांधली का दावा किया। 'चुनाव धांधली' के सबूत एकत्र करने में 6 माह लगे। निर्वाचन आयोग मतदाता सूचियों को 'मशीन के पढ़ने योग्य' (मशीन रीडेबल) डेटा इसलिए उपलब्ध नहीं करा रहा है, ताकि ये सब पकड़ा न जा सके। राहुल ने वोटर लिस्ट में गड़बड़ पर 1 घंटे 11 मिनट तक 22 पेज का प्रजेंटेशन दिया व स्क्रीन पर कर्नाटक की वोटर लिस्ट दिखाते हुए कहा कि वोटर लिस्ट में संदिग्ध वोटर मौजूद हैं। राहुल ने कहा कि महादेवपुरा सीट पर एक लाख वोटों की चोरी हुई है। वहीं, महाराष्ट्र में भी 40 लाख वोटर रहस्यमयी हैं। हरियाणा में भी कांग्रेस की हार के लिए वोटर लिस्ट जिम्मेदार है।

### चुनाव में 'चोरी' हुई

महाराष्ट्र के नतीजे देखने के बाद हमारा शक पुख्ता हुआ कि चुनाव में चोरी हुई है। मशीन रीडेबल वोटर लिस्ट नहीं देने से हमें भरोसा हुआ कि चुनाव आयोग ने भाजपा के साथ मिलकर महाराष्ट्र के चुनाव की चोरी की है। हरियाणा चुनाव में भी यही मॉडल अपनाया गया। हमने यहां वोट चोरी का एक मॉडल पेश किया, मुझे लगता है कि इसी मॉडल का प्रयोग देश की कई लोकसभाओं और विधानसभाओं में हुआ है।

### वोट कौन चुरा रहा

राहुल ने कहा, देश के युवाओं का वोट चोरी किया जा रहा है। वोट कौन चुरा रहा है, सभी जानते हैं। पहले हमारे पास सबूत नहीं थे, लेकिन अब हमारे पास 100 प्रतिशत सबूत हैं, सारा डेटा है। अब चुनाव आयोग को बहाने नहीं बनाने चाहिए। उन्हें (मतदान केंद्रों की) सीसीटीवी फुटेज और इलेक्ट्रॉनिक मतदाता सूची हमें दे देनी चाहिए। ये सिर्फ मेरी नहीं, सभी विपक्षी दलों की मांग है।

## राहुल सबूत दें, वरना कानूनी कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहें



- चुनाव आयोग ने कहा, मतदाता सूची में शामिल व हटाए नामों के शपथ पत्र साझा करें राहुल
- **आयोग ने हलफनामा दायर करने और आरोपों को केवल हाईकोर्ट में इसे चुनौती देने को कहा**
- कर्नाटक के सीईओ ने लिखा पत्र, कहा-कांग्रेस नेता इन दावों को साबित नहीं कर पाए तो उन पर कानूनी कार्रवाई होगी, आरोप निराधार

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी से उन मतदाताओं के नाम साझा करने को कहा, जिनके बारे में उन्होंने दावा किया है कि उन्हें राज्य की मतदाता सूची में गलत तरीके से शामिल किया गया है या बाहर रखा गया है। साथ ही, उन्होंने चुनाव अधिकारियों से मामले में आवश्यक कार्रवाई शुरू करने के लिए हस्ताक्षरित शपथपत्र भी मांगा। सीईओ ने एफिडेविट भेजा है। उन्होंने राहुल से मांग की है कि इस हलफनामे पर साइन कर दें कि वह सही आरोप लगा रहे हैं। यदि उनके दावे गलत पाए गए तो फिर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पत्र में लिखा है, यह ज्ञात है कि आज आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आपने मतदाता सूची में अपात्र मतदाताओं को शामिल करने और पात्र मतदाताओं को बाहर करने का जिक्र किया था। आपसे अनुरोध है कि आप मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 20(3) (बी) के तहत शपथ पर हस्ताक्षर करके ऐसे मतदाताओं के नाम के साथ वापस भेजें, ताकि आवश्यक कार्यवाही शुरू की जा सके। इससे पहले आयोग ने राहुल के दावों को खारिज कर दिया था

### भाजपा ने कहा-कांग्रेस नेता ने हदें पार की




राहुल के वोटर लिस्ट में गड़बड़ी के आरोप पर भाजपा ने नेता विपक्ष पर तीखा हमला बोला। भाजपा सांसद रवि शंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस नेता ने गैर जिम्मेदाराना बयान देकर सारी हदें पार कर दी हैं। वे एक संवैधानिक संस्था पर शर्मनाक टिप्पणी कर रहे हैं। राहुल का चुनाव फर्जीवाड़े का आरोप सुनियोजित धोखा है। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फड़णवीस ने भी राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी हार्डडिस्क करप्ट हो गई है। इसलिए वे इस तरह की गैर जिम्मेदाराना बयानबाजी कर रहे हैं। राहुल अपनी हार छिपाने के लिए झूठ फैला रहे हैं। उन्हें पता है कि भविष्य में भी कांग्रेस को हर राज्य में हार का सामना करना पड़ेगा। इसलिए वह संवैधानिक संस्थाओं की छवि खराब कर रहे हैं।

## टैरिफ पर ट्रंप को पीएम मोदी का कड़ा संदेश

# हम किसानों के हितों से समझौता नहीं करेंगे, भारी कीमत चुकाने को तैयार

**नई दिल्ली (भाषा)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को परोक्ष रूप से कड़ा संदेश देते हुए पीएम नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत अपने किसानों, मछुआरों और डेयरी क्षेत्र से जुड़े लोगों के हितों से कभी समझौता नहीं करेगा। अगर आवश्यक हुआ, तो वह व्यक्तिगत रूप से इसकी भारी कीमत चुकाने के लिए तैयार हैं। ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर शुल्क (टैरिफ) बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने के एक दिन बाद पीएम का यह बयान आया है, जबकि दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर चर्चा कर रहे हैं। यह व्यापार समझौता भारत के कृषि और डेयरी बाजार तक अधिक पहुंच की यूएस की मांग के बीच हो रहा है। अमेरिका मक्का, सोयाबीन, सेब, बादाम व इथेनॉल जैसे उत्पादों पर शुल्क कम करने के साथ-साथ अपने डेयरी उत्पादों तक पहुंच बढ़ाने की मांग कर रहा है। भारत इन मांगों का विरोध कर रहा है, क्योंकि इनका असर किसानों पर पड़ेगा। मोदी ने कहा, 'हमारे लिए किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने हरित क्रांति के जनक एम.एस. स्वामीनाथन की जन्मशती के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय वैश्विक सम्मेलन को संबोधित किया।



अमेरिका मक्का, सोयाबीन, सेब, बादाम और इथेनॉल जैसे उत्पादों पर शुल्क कम करने और अपने डेयरी उत्पादों तक पहुंच बढ़ाने की मांग कर रहा

### ट्रंप बोले-चीन के बहुत करीब है भारत, अतिरिक्त प्रतिबंध लगाएंगे

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन(भाषा)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत, रूस से तेल खरीद के मामले में चीन के 'बहुत करीब' है। उसे 50 प्रतिशत शुल्क देना होगा। साथ ही ट्रंप ने संकेत दिया कि उस पर अतिरिक्त प्रतिबंध देखने को मिलेंगे।' ट्रंप ने बुधवार को ओवल कार्यालय में कहा, 'जैसा कि आप जानते हैं कि हमने तेल को लेकर भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाया है। ट्रंप ने रूस से तेल खरीद जारी रखने पर भारत से आयातित वस्तुओं पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के शासकीय आदेश पर बुधवार को हस्ताक्षर किए थे। इसके साथ ही भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में लगने वाला शुल्क अब बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है, जो कि किसी भी देश पर अमेरिका द्वारा लगाए गए सबसे अधिक शुल्कों में से एक है। ट्रंप प्रशासन ने पिछले सप्ताह ही भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की थी।



रूस से तेल खरीद जारी रखने को लेकर ट्रंप ने भारत पर 50 फीसदी शुल्क लगाया
■
अब अमेरिका में भारतीय सामान महंगा हो जाएगा

### 50% शुल्क के पीछे कोई तर्क नहीं

भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि ट्रंप के भारत पर 50% एकतरफा शुल्क लगाने के पीछे कोई तर्क या कारण नहीं है। द्विपक्षीय व्यापार को लेकर दोनों देशों के बीच वार्ता जारी है।

### रूस से तेल खरीद पर रोक

अमेरिकी दबाव के बीच भारतीय सरकारी तेल कंपनियों आईओसी, बीपीसीएल व एचपीसीएल ने रूस से तेल खरीद रोक दी है। यह फैसला तब तक लागू रहेगा तब तक केंद्र कोई आदेश नहीं दे देता।

### डब्ल्यूटीओ के नियम तोड़ रहा अमेरिका : चीन

चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने भारत और ब्राजील समेत कई देशों पर ट्रंप द्वारा थोपे गए टैरिफ की आलोचना करते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन बताया। उन्होंने बताया कि अमेरिका अन्य देशों को दबाने के लिए टैरिफ को हथियार बना रहा है। यह डब्ल्यूटीओ के नियमों को कमजोर करता है। चीन ने भारत और ब्राजील की संप्रभुता और विकास के अधिकार के प्रति अपने समर्थन का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि सभी देशों को अपने राष्ट्रहित में फैसले लेने का अधिकार है।



### टैरिफ का शेयर बाजार पर कोई असर नहीं

ट्रंप के भारत पर 50 फीसदी शुल्क लगाने के बाद भी बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स दिन के निचले स्तर से करीब 926 अंक चढ़ा। अंत में यह 79.21 अंक की बढ़त के साथ 80623.26 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 21.95 अंक चढ़कर 24596.15 अंक पर बंद हुआ।

*दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 3600 रुपये उछल कर 1,02,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक स्तर पर पहुंच गया।*



## उधमपुर में खाई में गिरा वाहन, सीआरपीएफ के तीन जवानों की मौत

**जम्मू (भाषा)।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में बृहस्पतिवार को एक वाहन के सड़क से फिसल कर 200 फीट गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 3 जवानों की मौत हो गई और 15 घायल हो गए। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने जवानों की मौत पर दुःख जताया और अधिकारियों को घायल जवानों को उत्कृष्ट उपचार मुहैया कराने और हरसंभव सहायता देने का निर्देश दिया। यह हादसा कडवा इलाके में सुबह करीब साढ़े 10 बजे हुआ जब जवान बसंतगढ़ से एक अभियान से एक बंकर वाहन में सवार होकर लौट रहे थे। वाहन सीआरपीएफ की 187 बटालियन का था। वाहन में 23 जवान सवार थे। दो जवानों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

**पांच की हालत गंभीर, 15 घायल, वाहन में कुल 23 जवान सवार थे**

## फर्जी जन्म-प्रमाण केस : हरियाणा के पहलवानों समेत 11 निलंबित

अधिक उम्र के पहलवान कम उम्र की प्रतियोगिताओं में ले रहे भाग
■
**कई पहलवानों ने दूसरे राज्यों से फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनवाए**

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जमा करने के आरोप में हरियाणा के खिलाड़ियों समेत 11 पहलवानों को निलंबित कर दिया। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने ऐसे 110 दस्तावेजों का सत्यापन किया और कहा कि उसकी ओर से चूक नहीं हुई, क्योंकि 95 विलंबित पंजीकरण केवल एसडीएम के आदेश पर जारी हुए हैं।

**कुश्ती दो मुद्दों से जूझ रही :** पहली अधिक उम्र के पहलवान कम आयु वर्ग में भाग ले रहे। दूसरी कई पहलवान फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के जरिये निवास स्थान से दूसरे राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहे। कुछ मामलों में प्रमाण पत्र जन्म के 12 से 15 साल बाद जारी किए हैं। कई पहलवान मूल रूप से हरियाणा के थे, लेकिन एमसीडी से जन्म प्रमाण पत्र जारी करवा लिए, जिससे वे दिल्ली का प्रतिनिधित्व कर सकें। एमसीडी ने कहा, 11 प्रमाण पत्र फर्जी/फोटोशॉप के जरिए छेड़छाड़/ संपादित हैं। उसके द्वारा जारी नहीं किए गए हैं। ये सक्षम, मनुज, कविता, अंशु, आरुष राणा, शुभम, गौतम, जगरूप धनखड़, नकुल, दुष्यंत और सिद्धार्थ के थे। इनमें से 11 प्रमाण पत्र नरेला, दो नजफगढ़ व रोहिणी, सिविल लाइन और सिटी जोन का एक-एक प्रमाण पत्र शामिल हैं।

## उप-राष्ट्रपति पद के राजग प्रत्याशी का फैसला मोदी और नड्डा करेंगे

राजग की बैठक में दिए अधिकार
■
**चुनाव आयोग ने उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए जारी की अधिसूचना नामांकन 21 तक**

**नई दिल्ली (भाषा)।** नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एनडीए) के सदन में नेताओं की बैठक हुई। इसमें गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ ही संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू शामिल हुए। बैठक में बाद रिजिजू ने बताया कि राजग ने प्रस्तावना पास करते हुए उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए प्रत्याशी का नाम तय करने का अधिकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा को सौंपा है। वहीं इससे पहले गुरुवार को निर्वाचन आयोग ने उपराष्ट्रपति पद के लिए नौ सितंबर को होने चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है और इसके साथ ही नामांकन प्रक्रिया की शुरुआत हो गई। अधिसूचना के अनुसार, नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है और दस्तावेजों की जांच 22 अगस्त को की जाएगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 25 अगस्त है।

**खिंचाई** सुप्रीम कोर्ट ने फिर लगाई केंद्रीय जांच एजेंसी को फटकार

*ईडी द्वारा दर्ज धन शोधन के मामलों में 10% से भी कम दोष सिद्धि की दर*

# किसी धूर्त की तरह काम नहीं कर सकता ईडी, कानून के दायरे में रहे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक मामले की सुनवाई करते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने दो टूक कहा कि ईडी किसी धूर्त की तरह काम नहीं कर सकता और उसे कानून के दायरे में रहना होगा। ईडी द्वारा दर्ज किए गए मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में 10 फीसदी से भी कम दोषसिद्धि की दर होने को लेकर कोर्ट ने कहा कि वह न सिर्फ लोगों की स्वतंत्रता के बारे में चिंतित है, बल्कि उसे ईडी की छवि की भी चिंता है। जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस उज्ज्वल भुइयां और जस्टिस एनके सिंह की बेंच विजय मदनलाल चौधरी के मामले में दिए गए फैसले के खिलाफ दायर की गई पुनर्विचार याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।



### जांचकर्ता असमर्थ : एएसजी

सुनवाई के दौरान एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि अभियुक्त को ईसीआईआर की कॉपी उपलब्ध करवाने की कोई बाध्यता नहीं है। जांचकर्ता असमर्थ हैं, क्योंकि मुख्य अभियुक्त केमैन द्वीप जैसी जगहों पर भाग जाते हैं, जिसकी वजह से जांच में फिर दिक्कत आती है। एएसजी ने कहा कि धूर्त के पास बहुत साधन हैं, जबकि बेचारे जांच करने वाले अधिकारी के पास नहीं होते।

### जांच और गवाहों को बेहतर बनाएं

जस्टिस भुइयां ने कहा, आप (ईडी) किसी धूर्त की तरह व्यवहार न करें, आपको कानून के दायरे में रहकर काम करना होगा। मैंने एक सुनवाई के दौरान यह देखा कि आपने 500 ईसीआईआर रजिस्टर किए हैं, और दोषी साबित करने की दर सिर्फ 10% से भी कम है। इसीलिए हम कहते हैं कि आप जांच और गवाहों को बेहतर बनाइए। हम लोग स्वतंत्रता की बात कर रहे हैं। हमें ईडी की छवि की भी चिंता है। पांच-छह सालों तक हिरासत में रखने के बाद अगर लोग बरी हो जाते हैं, तो इसकी भरपाई कौन करेगा?'

### शीर्ष कोर्ट ने पहले भी उठाए थे सवाल

सुप्रीम कोर्ट पहले भी ईडी की कार्रवाई पर सवाल उठा चुका है। पिछले महीने ही चीफ जस्टिस बीआर गवाई ने कहा था कि प्रवर्तन निदेशालय सारी हदें पार कर रहा है।

**क्या कहते हैं आंकड़े :** पिछले पांच वर्षों में धनशोधन के मामलों में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा हासिल की गई दोषसिद्धि दर 92 प्रतिशत से अधिक रही है। एक आधिकारिक आंकड़े से यह जानकारी मिली।



## मुख्यमंत्री ने संकल्प पत्र की प्रगति को लेकर की बैठक, महिला सशक्तिकरण पर फोकस

# महिलाओं को ऋण देने के लिए लगेंगे शिविर, चार जिलों में बन रहे हॉस्टल, 2000 आंगनबाड़ी केंद्र होंगे अपग्रेड

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार लखपति दीदी योजना को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ा रही है।

इसके अलावा, उन्होंने अधिकारियों को मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के अंतर्गत विशेष शिविर आयोजित कर महिला लाभार्थियों को स्वरोजगार के लिए बैंक ऋण की सुविधा सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार यहां संकल्प पत्र की प्रगति को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में बताया गया कि अब तक लखपति दीदी योजना के तहत राज्य में एक लाख छह हजार से अधिक महिलाएं लखपति-दीदी बन चुकी हैं। चालू वित्त वर्ष में 25 हजार से अधिक को बनाया जाएगा।




### हर घर -हर गृहिणी योजना में तेजी लाने के निर्देश

बैठक में हर घर - हर गृहिणी योजना की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों में विशेष कैंप लगाकर पात्र परिवारों को योजना से जोड़ा जाए। कैंप में ही बैंक खाता लिंक कराने की व्यवस्था हो ताकि सभी पात्र अंत्योदय परिवारों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अवगत कराया गया कि अब तक लगभग 18 लाख परिवार इस योजना से जुड़ चुके हैं। कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित आवास प्रदान करने के उद्देश्य से सरकार की हर जिले में छात्रावास स्थापित करने की योजना है। पहले चरण में चार जिलों- पंचकूला, फरीदाबाद, गुरुग्राम और सोनीपत में महिला छात्रावास का निर्माण प्रक्रियाधीन है। महिला छात्रावासों को सौर ऊर्जा से जोड़ा जाएगा। 2025-26 में 2000 आंगनबाड़ियों को सक्षम केंद्र में अपग्रेड किया जाएगा।

### राहुल गांधी ने देश की संवैधानिक संस्थाओं पर अनावश्यक टिप्पणी की

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह भारत की संवैधानिक संस्थाओं पर अनावश्यक टिप्पणियां करते रहते हैं। सैनी ने दावा किया कि पिछले दो दशकों में राहुल गांधी ने राजनीति में खुद को स्थापित करने की कई बार कोशिश की लेकिन हर बार असफल रहे।



### 8 नागरिक अस्पतालों की मरम्मत शुरू, 13 की जल्द होगी : मुख्यमंत्री

**चंडीगढ़।** हरियाणा के स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेश के सिविल अस्पतालों के आधुनिकीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए इन अस्पतालों को निजी स्वास्थ्य सुविधाओं के मानकों के अनुरूप उन्नत करने के लिए एक परिवर्तनकारी पहल शुरू की है। बृहस्पतिवार यहां मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित में जिला सिविल अस्पतालों की समीक्षा बैठक में दी गई।8 सिविल अस्पतालों में विशेष मरम्मत और नवीनीकरण का कार्य जारी बैठक में बताया गया कि पंचकूला, जींद, गुरुग्राम, कैथल, मांडीखेड़ा (नूंह), रेवाड़ी, सिरसा और कुरुक्षेत्र सहित 8 सिविल अस्पतालों में विशेष मरम्मत और नवीनीकरण का कार्य शुरू हो चुका है। अंबाला, भिवानी, पलवल, करनाल, पानीपत, सोनीपत, झज्जर, नारनौल, फतेहाबाद, फरीदाबाद, रोहतक, हिसार और चरखी दादरी सहित 13 अस्पतालों में जल्द होगी।

**आभार जताया**

### नव पदोन्नत आईएएस ने मुख्यमंत्री से की भेंट



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से सचिवालय में नव पदोन्नत भारतीय प्रशासनिक सेवा (एचसीएस से पदोन्नत हुए) अफसरों ने शिष्टाचार भेंट की। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया और मार्गदर्शन प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने सभी नव पदोन्नत अधिकारियों को पदोन्नति पर हार्दिक बधाई और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह पदोन्नति आपके अब तक के सेवा कार्य की प्रतिबद्धता, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा का परिणाम है। आप सभी से अपेक्षा है कि भविष्य में भी इसी प्रकार की ईमानदारी, निष्ठा और दक्षता से कार्य करते हुए प्रदेश के विकास में सार्थक योगदान देंगे।

## 2026-27 तक दो लाख से अधिक रूफटॉप सौर ऊर्जा संयंत्र लगेंगे



**चंडीगढ़।** हरित ऊर्जा अपनाने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाते हुए वित्त वर्ष 2026-27 तक प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत दो लाख से अधिक रूफटॉप सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। इसके अलावा, 31 दिसंबर, 2025 तक प्रदेश के सभी सरकारी भवनों को बिना किसी केंद्रीय वित्तीय सहायता के सौर ऊर्जा से जगमगाने का भी लक्ष्य है। कुल 122 मेगावाट की अनुमानित सौर क्षमता वाले 4,523 सरकारी भवनों का सर्वेक्षण पहले ही पूरा हो चुका है। यह जानकारी बृहस्पतिवार यहां मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में हुई राज्य स्तरीय समन्वय समिति (एसएलसीसी) की बैठक के दौरान दी गई। बैठक में योजना की प्रगति और भविष्य की रणनीतियों की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने कहा कि हरियाणा ने केवल सौर ऊर्जा को बढ़ावा दे रहा है बल्कि हम यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि यह हर परिवार, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक पहुंचे।

### केसों में दोषसिद्धि बढ़ाने के लिए व्यापक रणनीति तैयार



**चंडीगढ़।** सरकार आपराधिक न्याय प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए अपने प्रयासों को तेज़ कर रही है, जिसमें चिह्नित अपराध मामलों में दोषसिद्धि दर बढ़ाने पर विशेष ज़ोर दिया जा रहा है। 26वीं राज्य-स्तरीय समिति की बैठक में बोलते हुए गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि वर्तमान दोषसिद्धि दर 61.17 प्रतिशत और निरंतर कार्रवाई के माध्यम से इसे और बढ़ाने की आवश्यकता है। डॉ. मिश्रा ने अधिकारियों से एनडीपीएस अधिनियम के तहत दर्ज मामलों के निपटारे में तेज़ी लाने का आग्रह किया, जो न्यायिक दक्षता में सुधार, समय पर न्याय प्रदान करने और कानून प्रवर्तन एवं कानूनी प्रक्रिया में जनता के विश्वास को मज़बूत करने के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## एसवाईएल पर बैठक निरर्थक, पंजाब पर अवमानना का केस करे सरकार



- सुप्रीम कोर्ट का फैसला हरियाणा के हक में आ चुका : हुड्डा

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने एसवाईएल को लेकर हुई पंजाब-हरियाणा सरकार की बैठक पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को मीटिंग-मीटिंग खेलने की बजाए, कोर्ट में पंजाब सरकार के खिलाफ अवमानना का केस दायर करना चाहिए। क्योंकि सुप्रीम कोर्ट का फैसला लंबे टाइम पहले हरियाणा के पक्ष में आ चुका है। हरियाणा के हिस्से का पानी दिलवाने की जिम्मेदारी कोर्ट ने केंद्र सरकार को सौंपी थी। हरियाणा और केंद्र दोनों जगह, बीजेपी की सरकार है। ऐसे में अब तक हरियाणा को उसके हिस्से का पानी मिल जाना चाहिए था। लेकिन बीजेपी के हरियाणा विरोधी रवैये के चलते यह नहीं हो पाया। कांग्रेस द्वारा बार-बार कहा गया कि पंजाब सरकार सुप्रीम कोर्ट के फैसले की अवहेलना कर रही है। लेकिन हरियाणा सरकार बेनतीजा बैठकें करके समय व्यतीत करती रही। ये बीजेपी सरकार ही है, जिसके कार्यकाल के दौरान पंजाब में बनी-बनाई एसवाईएल नहर को पाट दिया गया। इसी सरकार ने भू-जल स्तर को रिचार्ज करने के लिए कांग्रेस सरकार के दौरान बनाई गई दादूपुर-नलवी नहर को भी पाट दिया था।

### हरियाणा व इजराइल मिलकर करेंगे काम : सीएम

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अनुसंधान, स्वास्थ्य, कृषि प्रौद्योगिकी, उन्नत सिंचाई प्रणाली, कृत्रिम बुद्धिमता, वेस्ट वाटर सहित अन्य क्षेत्रों में आधुनिक तकनीक से हरियाणा और इजराइल मिलकर काम करेंगे और आगे बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से संत कबीर कुटीर चण्डीगढ़ में भारत में इज़राइल के राजदूत रूवेन अज़ार ने शिष्टाचार मुलाकात कर आपसी सहयोग के साथ अन्य विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दौरान हरियाणा में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने पर जोर दिया गया। इसके अलावा, इंटीग्रेटेड एविएशन हब हिसार, ओवरसीज प्लेसमेंट अधिक काम करने पर बल दिया गया। हरियाणा विदेश सहयोग विभाग के तहत ओवरसीज प्लेसमेंट के माध्यम से अब तक 180 से अधिक युवा इजराइल में नौकरी कर रहे है। इसके अलावा, स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए इजराइल से पांच हजार नर्सों को नौकरी देने की मांग देशभर में आई है।

### हरियाणा रोडवेज के दस जीएम का तबादला

**चंडीगढ़।** हरियाणा रोडवेज में दस जीएम के तबादले और पोस्टिंग के आदेश जारी किए गए हैं। डिपो पर तैनात महाप्रबंधक अजय गर्ग को सेंट्रल वर्कशॉप करनाल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सुरेंद्र सिंह को हेडक्वार्टर, अशोक कौशिक चंडीगढ़ डिपो का महाप्रबंधक लगाया है। देवदत्त को नारनौल महाप्रबंधक, भारत भूषण गोगिया को गुरुग्राम महाप्रबंधक पद के अलावा एचआरईसी (हरियाणा रोडवेज इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन) गुरुग्राम का अतिरिक्त कार्य सौंपा गया है। नेत्रपाल को दिल्ली डिपो का महाप्रबंधक, नवनीत मुरथल, कुलदीप जांगड़ा को नूंह के अलावा पलवल का अतिरिक्त कार्य सौंपा है। मोहिंदर कुमार को हिसार, निरंजन को रेवाड़ी महाप्रबंधक तैनात किया गया है।

### 50.2% कृषि परिवार कर्ज में डूबे : सैलजा



**चंडीगढ़।** सिरसा सांसद सैलजा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2016 में देश के किसानों से वादा किया था कि वर्ष 2022 तक उनकी आय दुगनी कर दी जाएगी परंतु अब वर्ष 2025 में भी आधिकारिक आंकड़ों और सरकारी रिपोर्टों से यह स्पष्ट हो गया है कि यह वादा न केवल पूरा नहीं हुआ, बल्कि किसानों की आर्थिक स्थिति पहले से अधिक दयनीय हो गई है। हालात ये है कि देश के लगभग 50.2 प्रतिशत कृषि परिवार कर्ज में डूबे हुए हैं। सैलजा ने कहा कि एनएसओ द्वारा प्रकाशित कृषि परिवारों का स्थिति में ये बात निकल कर आई है।

## 15 अगस्त को राज्यपाल अंबाला व सीएम रोहतक में फहराएंगे तिरंगा

- राज्यपाल प्रो. असीम घोष के साथ परिवहन मंत्री विज भी रहेंगे
- राज्य में ध्वजारोहण सुबह 9 बजे के तुरन्त बाद करने का निर्णय

**चंडीगढ़।** सरकार के प्रशासनिक अमले ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां शुरू कर दी है। सरकार ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने को विधायकों, मंत्रियों और अधिकारियों की सूची जारी की है।

राज्यपाल प्रो. असीम घोष अंबाला में तिरंगा फहराएंगे। इस दौरान राज्यपाल के साथ ऊर्जा मंत्री अनिल विज भी मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रोहतक में तिरंगा फहराएंगे। स्वतंत्रता दिवस को लेकर हरियाणा सरकार ने पत्र जारी कर इसकी जानकारी दी है। पत्र में लिखा कि आजादी के 79 वें 'स्वतंत्रता दिवस समारोह को पूर्व वर्षों की भांति हर्षोल्लास, जोश और उत्साह एवं गौरवपूर्ण ढंग से आयोजित करने तथा राज्य के विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण प्रातः 9 बजे के तुरन्त बाद करने का निर्णय लिया गया है। इस दिन राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष अंबाला में और रोहतक में मुख्यमंत्री ध्वजारोहण करेंगें। इसके साथ मंत्री, राज्य मंत्री सूची अनुसार उनके नामों के आगे लिखे स्थानों पर ध्वजारोहण करेंगे।



## खबर संक्षेप

### एसवाईएल में सूबे के हक में फैसला आएगाः विज

**चंडीगढ़।** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है और वह देश का नुकसान नहीं होने देंगे। एसवाईएल मामले में उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि अब भी हरियाणा के हक में फैसला आएगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे।

### राजौंद में नाले से मिला नवजात बच्ची का शव

**राजौंद।** राजौंद के किठाना रोड पर नाले से एक नवजात बच्ची का शव मिला है। शव को कुत्ते नोच रहे थे। पास से गुजर रहे लोगों ने जैसे ही देखा तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना पाकर राजौंद थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई> प्राथमिक जांच में पता चला कि यह शव बच्ची का था, जिसकी एक टांग को कुत्ते खा गए।हालांकि अभी तक बच्चे को फेंकने वाली महिला के बारे में पता नहीं लग पाया है, पुलिस ने जल्द ही महिला का पता लगाने का दावा किया है।

# एनआईए का रादौर में ट्रैवल एजेंट के घर पर छापा, परिजनों से की पूछताछ

**डंकी रूट से लोगों को विदेश भेजने के मामले में कार्रवाई**

- ट्रैवल एजेंट की पत्नी का मोबाइल साथ ले गई टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी(एनआईए) की टीम ने रादौर क्षेत्र के गांव जगुड़ी में वीरवार को एक ट्रैवल एजेंट के घर छापामारी कर जांच की। बताया गया है कि यह कार्रवाई डंकी रूट के जरिए लोगों को विदेश भेजने के मामले में की गई। जिस ट्रैवल एजेंट के घर छापामारी की गई है वह खुद विदेश में रह रहा है और उस पर अमेरिका से डिपोर्ट हुए लोगों को अवैध रूप से विदेश भेजने का आरोप बताया जा रहा है।

हालांकि इस मामले में एनआईए की टीम ने कुछ भी जानकारी नहीं दी है। एनआईए की टीम ने विदेश में रह रहे ट्रैवल एजेंट के परिजनों से कई घंटे पूछताछ की। इसके बाद जाते समय एनआईए की टीम ट्रैवल एजेंट की पत्नी का फोन अपने साथ ले गई। जानकारी के मुताबिक वीरवार सुबह एनआईए की टीम स्थानीय पुलिस के साथ विदेश में रह रहे गांव जगुड़ी निवासी एक ट्रैवल एजेंट के घर पहुंच गई। इस दौरान स्थानीय पुलिस घर के बाहर तैनात हो गई और एनआईए की टीम के सदस्य ट्रैवल एजेंट के घर में दाखिल हो गए। उन्होंने कई घंटे तक घर से भीतर ट्रैवल एजेंट के परिजनों से पूछताछ की। मौके पर मौजूद सूत्रों ने बताया कि यह छापेमारी एक बड़े मानव तस्करी नेटवर्क की जांच का हिस्सा है। जिसमें लोगों को गैर कानूनी तरीके से विदेश खासकर उत्तरी अमेरिकी देशों में भेजने के लिए डंकी रूट का इस्तेमाल किया जा रहा था।



**यमुनानगर।** गांव जगुड़ी में एनआईए टीम की जांच के दौरान आरोपी ट्रैवल एजेंट के घर के बाहर तैनात पुलिस बल। *फोटो : हरिभूमि*

### यह किया बरामद

छापामारी के दौरान टीम ने आरोपी ट्रैवल एजेंट के घर व संबंधित ठिकानों पर दस्तावेजों और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की जांच की। इसके बाद टीम अपने साथ ट्रैवल एजेंट की पत्नी का मोबाइल फोन अपने साथ ले गई है। इस संबंध में एनआईए की टीम ने कुछ भी नहीं बताया और अपनी गाड़ियों में बैठकर रवाना हो गई।

## जींद में मुनाफे का झांसा देकर कंपनी ने निवेशकों के पांच करोड 40 लाख हड़पे

**निवेशकों की शिकायत पर चार लोगों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज**

**जींद।** कंपनी में निवेश करने पर अच्छे खासे मुनाफ का झांसा देकर कंपनी ने निवेशकों के पांच करोड 40 लाख रुपये हडपने का मामला सामने आया है। उचाना थाना पुलिस ने निवेशकों की शिकायत पर कंपनी के चार कर्ताधर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव मंखड निवासी राकेश, दीपक समेत दो दर्जन निवेशकों ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव रेहडा कैथल के व्यक्ति के माध्यम से उनका संपर्क गांव कुमारवाली ढाणी हिसार हाल चंडीगढ़ निवासी सुनील वर्मा, गुजरात निवासी भरत दलवानी, विपिन जोशी, मयूर जोशी से वर्ष 2021 में हुआ। जिन्होंने बताया कि उन्होंने आईजीटी ग्लोबल ट्रेड के नाम से कंपनी बनाई है। जो दुबई से रजिस्ट्रड है। कंपनी आरमा क्रिप्टो करेंसी को प्रमोट करती है। कंपनी में निवेश करने पर 14 प्रतिशत का मुनाफा होगा। 22 माह में निवेश राशि दोगुणी हो जाएगी। हर सप्ताह निवेश राशि का छह प्रतिशत लाभ उनकी आईडी में आता रहेगा। जिस पर उनके समेत लगभग 60 लोगों ने कंपनी में एक करोड़ 80 लाख का निवेश कर लिया। जिसका लाभ उन्हें छह माह तक मिलता रहा। इसके बाद वह लाभ बंद हो गया। संपर्क साधने पर वर्ष 2022 में आरोपितों ने बताया कि उन्होंने पे एनएफटी ग्लोबल के नाम से नई साइट बनाई है। जिसमें राशि निवेश करने पर 18 माह मे राशि दोगुणी हो जाएगी। जिसके बदले आरमा टोकन मिलेगा। उन्होंने एक करोड़ 35 लाख रुपये का और निवेश कर लिया। यह राशि कभी रिफंड नही हुई। वर्ष 2023 में आरोपितों ने कहा कि वे फाइनेशियल फ्रीडम फार्मूला लेकर आए हैं। आरोपितों के झांसे मे आकर उन्होंने साढ़े नौ करोड़ का निवेश कंपनी में कर लिया। जिसके बाद लगभग चार करोड़ वापस हो गए। बावजूद इसके पांच करोड 40 लाख कंपनी मे फंस गए। जब आरोपितों से रुपये मांगे तो उन्होंने फोन स्विच ऑफ कर लिए। उनके घर पर ताले लगे मिले। उचाना थाना के जांच अधिकारी राजबीर ने बताया कि कंपनी के कर्ताधर्ता सुनील वर्मा, गुजरात निवासी भरत दलवानी, विपिन जोशी, मयूर जोशी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

मार्केट न्यूज

## हीर एक्सप्रेस अब 12 सितंबर को होगी रिलीज

**ओह मॉय गॉड फेम उमेश शुक्ला हैं डायरेक्टर, दिविता जुनेजा कर रही हैं दमदार डेब्यू**




**मुंबई।** चर्चित निर्देशक उमेश शुक्ला की आगामी पारिवारिक ड्रामा फिल्म 'हीर एक्सप्रेस' अब 12 सितंबर को देश भर के सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। पहले यह फिल्म 8 अगस्त को रिलीज होने वाली थी, लेकिन मेकर्स ने इसे एक महीने आगे बढ़ाने का फैसला लिया है। निर्माताओं का मानना है कि इस बदलाव से दर्शकों को फिल्म का आनंद लेने के लिए और भी बेहतर समय और अनुभव मिलेगा। उमेश शुक्ला जो 'ओह माय गॉड' और '102 नॉट आउट' जैसी सफल फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, इस बार 'हीर एक्सप्रेस' के जरिए रिश्तों, भावनाओं और हास्य से भरी एक साफ सुथरी पारिवारिक फिल्म लेकर आ रहे हैं। वहीं कुछ समय पहले रिलीज हुआ फिल्म का टीजर दर्शकों को खूब पसंद आया। इसके बाद लांच हुए दो गाने 'वे रांझणा' और 'डोरे-डोरे दिल पे तेरे' जी म्यूजिक पर आते ही सोशल मीडिया पर छा गए। इन गानों पर हजारों रील्स बन चुकी हैं और फिल्म का म्यूजिक लगातार ट्रेंड कर रहा है। 12 सितंबर को रिलीज होने जा रही 'हीर एक्सप्रेस' में दर्शकों को मिलेगा ग्लैमर और टैलेंट का बेहतरीन मेल। इस फिल्म से अभिनेत्री दिविता जुनेजा अपने अभिनय करियर की शुरुआत कर रही हैं, जिनके साथ नजर आएंगे चार्मिंग प्रीत कमानी। इनके साथ ही फिल्म में दमदार भूमिका में हैं बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता आशुतोष राणा, गुलशन ग्रोवर, संजय मिश्रा और मेघना मलिक, जिनके अभिनय की गहराई और अनुभव फिल्म को एक सशक्त आधार प्रदान करते हैं। इसके अलावा लंदन के भी कई जाने-माने कलाकार इस फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभा रहे हैं। फिल्म की शूटिंग लंदन की खूबसूरत और प्रतिष्ठित लोकेशनों पर की गई है। फिल्म का संगीत इसकी आत्मा है। इसमें कुल 6 गाने हैं, जिनका संगीत दिया है तनिष्क बागची, एवी सरा, जेरी सिंह और सकार सिंह ने। इन गीतों को आवाज़ दी है लोकप्रिय गायकों जावेद अली, निकिता गांधी, नक्काश अज़ीज़ और जसबीर जस्सी ने। गाने रोमांस, विरह, उमंग और रिश्तों की संवेदनाओं को बड़े ही खूबसूरती से दर्शाते हैं। 'हीर एक्सप्रेस' का निर्माण मैरी गो राउंड स्टूडियोज प्रोडक्शन और क्रिएटिव स्ट्रोक ग्रुप द्वारा किया गया है। जिसमें प्यार, रोमांच, संगीत और हास्य सभी कुछ शामिल है। तो थोड़ा और इंतजार और फिल्म दर्शकों के दिलों में गहराई से उतरने तैयार है।

**घर खर्च को लेकर हुआ था विवाद**

# भिवानी में पिता ने बेटी पर एसिड फेंका, रोहतक पीजीआई में भर्ती

- पुलिस ने केस दर्ज करके पिता को गिरफ्तार कर लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भिवानी के एक गांव में पिता ने बेटी पर तेजाब डालकर हत्या की कोशिश की। इसके बाद बेटी को गंभीर हालत में पानी की टंकी में डाल दिया और खुद वहां खड़ा हो गया। सूचना मिलते ही पड़ोसी मौके पर पहुंचे और लड़की को पिता के चंगुल से छुड़ाया। लड़की को गंभीर हालत में अस्पताल में दाखिल करवाया, वहां से उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया।

मामला करीब तीन चार दिन पहले का बताया जा रहा है। पुलिस ने केस दर्ज करके आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घर खर्च को लेकर बाप-बेटी में विवाद हुआ था। पिता बेटी पर शक भी करता था। पिता-बेटी के बीच झगड़ा हुआ। घटना 3 अगस्त की है। घुसकानी गांव में घर पर बाप-बेटी मौजूद थे। तभी दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ। पिता ने घर में रखी तेजाब की बोतल उठाकर लाया और बेटी पर डाल दिया। इसके बाद बेटी दर्द से चिल्लाने लगी।

### बेटी को होद में डालकर ऊपर से ढक दिया

बाहर आवाज न जाए, इसलिए सत्यवान ने बेटी को घर के आंगन में ले गया और वहां पर बेटी को होद (टंकी) में डालकर ऊपर से ढक दिया, ताकि आवाज बाहर न जा सके। किसी तरह से पड़ोसियों को मामले की जानकारी लग गई और वे उसके घर पहुंचे। उन्होंने तुरंत लड़की को पानी के होद से निकाला। ग्रामीण पहले लड़की को सिविल अस्पताल में ले गए। यहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया।

**आरोपी पिता शराब पीने का आदी**

सदर थाना के एसएचओ विकास कुमार ने बताया कि आरोपी शराब पीने का आदी है। वह खेती करता था। बच्चे उससे खर्च मांगते थे तो इसी बात को लेकर घर में झगड़ा होता रहता था। आरोपी पहले बैटरी ठीक करने का कार्य करता था। इस लिए उसने एसिड घर पर ही रखा हुआ था। वही एसिड उसने बेटी पर डाल दिया। लड़की को रोहतक पीजीआई में भर्ती कराया गया है।

## चीका में अवैध नर्सिंग होम पर छापा भारी मात्रा में नशीली दवाइयां बरामद

**गुहला चीका।** चीका में स्वास्थ्य विभाग और ड्रग इंस्पेक्टर की संयुक्त टीम ने वीरवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए एक रोहतक नर्सिंग होम पर छापेमारी कार्रवाई की। इस दौरान करीब 1100 नशीली गोलियां और 100 नशीले इंजेक्शन बरामद किए गए। हैरान करने वाली बात यह रही कि डॉक्टर ने इन दवाइयों को बिस्तरों और टॉयलेट जैसी जगहों पर छुपा रखा था। जांच में यह भी सामने आया कि डॉक्टर के पास न तो अस्पताल चलाने के लिए कोई वैध लाइसेंस था और न ही कोई अन्य जरूरी दस्तावेज। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल को भी बुलाया गया ताकि स्थिति को नियंत्रण में रखा जा सके। स्वास्थ्य विभाग ने इस मामले की शिकायत चीका थाना में दर्ज करवाई है, जिसके तहत आरोपी डॉक्टर पर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया जाएगा। बताया जा रहा है कि आरोपी डॉक्टर के खिलाफ पंजाब पुलिस पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर चुकी है। यह मामला नशीली दवाइयों के अवैध कारोबार और बिना अनुमति अस्पताल संचालन को लेकर प्रशासन की गंभीर लापरवाही को उजागर करता है। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई ने इलाके में अवैध रूप से चल रहे मेडिकल संस्थानों पर कड़ा संदेश दिया है।

**आरोपी डाक्टर पर पहले भी पंजाब में ऐसा ही मामला दर्ज**

चीका थाना प्रभारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा रोहतक नर्सिंग होम चीका पर छापेमारी की है।

जैसे भी इस बारे शिकायत प्राप्त होगी तो कानून अनुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## रेवाड़ी में सीआरपीएफ के रिटायर्ड जवान की हत्या

**रेवाड़ी।** बुधवार की रात जैनाबाद गांव में सीआरपीएफ के रिटायर्ड जवान की गला रेतकर हत्या कर दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस रात को ही मौके पर पहुंच गई। डीएसपी कोसली और सीन ऑफ क्राइम टीम ने भी मौके पर जाकर जांच शुरू की। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों सौंपा। सीआरपीएफ से सेवानिवृत्त 65 वर्षीय निहाल सिंह और पत्नी रात घर में सोए थे।



मृतक निहाल सिंह का फाईल फोटो।

**विभिन्न एंगल से जांच में जुटी पुलिस**

उनका बेटा अमित छत पर बने कमरे में सो रहा था। आधी रात को अमित ने फोन पर पुलिस को सूचना दी कि घर में घुसे दो बदमाशों ने पिता की हत्या कर दी है। निहाल सिंह की गर्दन पर धारदार हथियार से वार किए हुए थे। उसकी पत्नी ने पुलिस को बताया कि दो लोग मकान में घुसे थे, जिन्होंने उसके पति पर हमला किया। निहाल की चीख निकलने के बाद बेटा व पत्नी आए तो आरोपी वहां से फरार हो गए। परिजनों ने दावा किया है कि दो बदमाश चेहरे पर नकाब लगाकर बाइक से आए थे, जो वारदात को अंजाम देने के बाद भाग गए।

## सैकेण्डरी (शैक्षिक) का परीक्षा परिणाम 45.15 प्रतिशत रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा जुलाई-2025 में संचालित करवाई गई सैकेण्डरी (शैक्षिक) कम्पार्टमेंट ,अंक सुधार/पूर्ण विषयों की परीक्षा का परिणाम गुरुवार को घोषित किया गया है। परीक्षा का परिणाम 45.15 फीसदी रहा है। परिणाम आधिकारिक वेबसाइट पर है। यह परीक्षा प्रदेशभर में 32 परीक्षा केन्द्रों पर 05 से 14 जुलाई, 2025 तक संचालित करवाई गई थी, जिसमें 10,811 परीक्षार्थी प्रविष्ट हुए। बोर्ड अध्यक्ष प्रो.(डॉ.) पवन कुमार ने बताया कि सैकेण्डरी (शैक्षिक) कम्पार्टमेंट अंक सुधार/पूर्ण विषयों की परीक्षा में प्रविष्ट हुए 10,811 परीक्षार्थियों में से 4,881 उत्तीर्ण हुए व 5,576 की कम्पार्टमेंट तथा 355 परीक्षार्थियों का परिणाम अनुत्तीर्ण रहा है। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में 6,768 छात्रों ने भाग लिया, जिसमें से 2,957 छात्र पास हुए, जिनकी पास प्रतिशतता 43.69 रही तथा 4,043 प्रविष्ट छात्राओं मे से 1,924 पास हुई, जिनकी पास प्रतिशतता 47.59 रही।

### परीक्षा परिणाम में शीर्ष पायदान पर फरीदाबाद

58.18 पास प्रतिशतता के साथ फरीदाबाद परीक्षा परिणाम में शीर्ष पायदान पर रहा तथा अंबाला 27.59 पास प्रतिशतता के साथ सबसे निचले पायदान पर रहा। इस परीक्षा में छात्राओं ने छात्रों से 3.9 फीसदी ज्यादा पास प्रतिशतता दर्ज की है। सैकेण्डरी की परीक्षा प्रत्येक शैक्षिक वर्ष में दो बार आयोजित करवाई जा रही है। जिनका परिणाम सैकेण्डरी मार्च-2025 की परीक्षा में प्रदर्शन में सुधार के लिए पुनरावृत्ति/पात्रता रहा था या जिन परीक्षार्थियों द्वारा अंक सुधार की परीक्षा दी जानी थी अथवा ऐसे परीक्षार्थी जो किन्हीं कारणों से परीक्षा में प्रविष्ट होने से वंचित रह गए थे।


मेरा किया जो काटे उसे ईनाम

गुरूजी सम्राट



ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।

7534997731



सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।



सूचना

मैं, संजय पुत्र श्री मामचंद निवासी मकान नंबर 1638/4, राजेन्द्रा कालोनी, रोहतक, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरी पुत्री ललिता मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।



COURT NOTICE

(U/o 5 Rule 20 CPC)

IN THE COURT OF

Sh. Karandeep

Civil Judge (Junior Division),

Lakshmi Chouhan D/o Rambhagt

Vs.

National Institute of Open School

CNR No. HRRH02-000575-2023

Next Date : 12.08.2025

Suit for declaration

PUBLICATION ISSUED TO :-

General Public

:-

Rohtak

In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on 12.08.2025 at 10:00 a.m.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rohtak

Sd/- Civil Judge (Junior Division),

Dated, this day of 09.07.2025



Maharani Kishori Jat Kanya Mahavidyalva, Rohtak

Walk-in-Interview will be held on 20.08.25 from 10:00 am onwards in the office of Principal of College to engage the Guest Faculties against the post of Assistant Professors UG Courses (Chemistry-1, Botany-1, Zoology-1, Maths-1, Geography-1, Psychology-1, Home Science-1, Sanskrit-1, Economics-1, Phy Education-1) PG Courses (Maths-1, Physics-1, English-2, History-3, Political Science-2, Geography-2, Psychology-2, Sociology-2) for the academic session 2025-26 or till the appointment is made on regular basis whichever is earlier on Lecture Basis @ Rs. 250/- per lecture or maximum upto Rs. 22000/- per month. The qualifications and other eligibility conditions will be as per UGC/State Govt./ MDU norms. The candidates may bring all the original testimonials and also a set of photocopies therof with their biodata at the time of interview.

Sd/-President
Jat Education Society (Regd)
Rohtak

Sd/-Principal
M.KJ.K Mahavidyala
Rohtak



कार्यालय नगर पंचायत कुरूद जिला-धमतरी (छ.ग )

पता - पुराना बाजार चौक- कुरूद, फोन - 7705-223149, फैक्स-7705-223535, Email-kurunp@gmail.com

क्रमांक/2043/ लो.नि.वि./ आ.नि.आ.सू./2025-26 कुरूद, दिनांक 06/08/2025

ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पंचायत कुरूद हेतु स्वच्छ भारत मिशन - शहरी 2.0 अन्तर्गत एसटीपी निर्माण (इंटरसेप्शन एवं डायवर्सन ड्रेन सहित) लागत राशि 217.02 लाख रू. टेण्डर सिस्टम नंबर 172035 हेतु छत्तीसगढ़ शासन के लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदार/ फर्म हेतु ई-प्रोक्युरमेंट पोर्टल पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसमें Bid Due Date 28.08.2025 सायं 5.30 बजे एवं Physical Doc Submission End Date 29.08.2025 सायं 5.30 बजे निर्धारित है। उपरोक्त निविदा की नियम एवं शर्तें, अमानत राशि, निविदा प्रपत्र शुल्क, समयावधि एवं निविदा संबंधित दस्तावेज व कार्य से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट uad.cg.gov.in एवं ई-प्रोक्युरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in/ से भी अवलोकन / डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत कुरूद ,जिला - धमतरी (छ.ग.)



उत्तर रेलवे

ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से जनरल कैटेगरी (व्यक्तिगत/सांझेदारी फर्मों/कम्पनियों/सहकारी/स्वयं सहायता समूहों) एवं आरक्षित कैटेगरी से, अम्बाला मंडल के रेलवे स्टेशन पर खानपान स्टाल (जनरल माइनर यूनिट) को पांच वर्षों तक संचालन हेतु ई–निविदा दिनांक **28.08.2025 समय 15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण निम्नलिखित है–

| क्र. सं. | टेंडर संख्या | स्टेशन का नाम | स्टेशन कैटेगरी | स्टाल सं. | स्थान | टेंडर डाक्यूमेंट्स का मूल्य + 18% GST प्रति टेंडर (रुपये में) | प्रथम वर्ष के लिए आरक्षित मूल्य (रुपये में) | बयाना राशि (रुपये में) | आरक्षित वर्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UMB-CTG-SRE-GMU-03-2025 | सहारनपुर | एनएसजी–3 | SRE-07 | प्लेटफार्म सं. 2/3 | 2,950/- | 10,59,960/- | 5,51,200/- | सामान्य |

नोटः उपरोक्त ई–निविदा/निविदा प्रपत्र का पूर्ण विवरण (ई–निविदा प्रपत्र सहित ) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर दिनांक **28.08.2025 समय 15:00 बजे** तक उपलब्ध है। रेलवे प्रशासन को किसी एक या सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार प्राप्त है। **(फाइल सं. : NR-UMBOCOML(CG)/91/2024)**

ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई–नीलामी की जाएगी (टेबल अनुसार)। जिसका विवरण वेबसाईट IREPS पर मौजूद है। ई–नीलामी की धरोहर राशि, बोली की 5% होगी तथा बोली, कम से कम बोली मूल्य से 0.2% बढ़ा कर लगानी होगी।

**नीलामी केटलॉग सं.: UMB-Ctg-07-2025** **रेट यूनिटः वार्षिक लाइसेंस फीस**

**प्रारंभ होने की तिथि व समयः 18.08.2025 को 12:00 बजे**

| क्र. सं. | लॉट सं. एवं विवरण | नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1 | Catg-UMB-BOF-SMU-61-25-1 (खान पान–स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अल्पसंख्यक श्रेणी के लिए स्टाल सं. 2, प्लेटफार्म नं. 2 बरोग रेलवे स्टेशन पर। | 18.08.2025 को 12:00 बजे |

ई–नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in को देखें। 2420/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## राशिफल

**मेष** – धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** – वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** – सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** – किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** – मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।


**धनु** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** – मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** – परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## शब्द पहेली - 5952



**बाएँ से दाए**


1. पावर हाऊस -5
4. दिमागी, कल्पित-4
7. हृदय-2
8. खोदना-3
9. प्रचार वाक्य, स्लोगन-2
10. नुकीला-4
11. कलिका-2
13. प्यारा, लाडला-3
14. विशिष्ट, विशेष-2
15. खर्च, उपभोग-3
17. नौका-2
19. नाम करण-2,3
22. चमकीला-5
25. महोदय (अंग्रेजी-2)
26. रनिवास, जनवासा-3
28. संध्या, सांझ-2
29. दलना, महीन करना-3
30. जस, सम्मान -2
32. कारागृह-4
34. आलाप, लय, सुर-2
36. पागल स्त्री-3
37. इंकार, मना-2
38. सराबोर, सना हुआ -4
39. वेश्या, तवायफ-5

**ऊपर से नीचे**

1. चूहे का घर-2
2. नेता-3
3. सार-संभार-2,3
4. आदर्श, कसौटी-3
5. छाती-2
6. अचरज भरा कार्य-4
7. हृदय को ठेस लगना-5
10. अनवरत वर्षा-4
12. जूं का अंडा-2
16. ओट, घूंघट-3
17. मां के पिता-2
18. दुख, कष्ट-2
20. राष्ट्रीय पक्षी-3
21. पत्र, लैटर-2
22. गुप्तचर, दूत-2
23. कपड़ों के टुकड़े (अंग्रेजी-4)
24. रवानगी, प्रस्थान करना-3,2
25. समयुगीन, समवर्ती-5
26. बंद, स्ट्राइक-4
27. सुरा, शराब-2
31. वचन, प्रतिज्ञा-3
33. बंदर-3
35. नथनी, नथिया-2
37. शहद-2

### शब्द पहेली- 5951 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | र | म | म | सा | ला | | क | दा | चा | र |
| ती | खा | | हा | | चा | क | र | | र | वा |
| वि | | अ | ज | ग | र | | म | ल | | य |
| धी | मा | प | न | | | म | | की | म | त |
| ही | | ल | | श | ता | न | न | | जा | |
| न | म | क | दा | नी | | मा | न | सि | क | ता |
| | क | | म | च | ल | ना | | या | | र |
| अ | र | ज | | र | | | ऐ | रा | व | त |
| ह | | स | द | | न | रो | त | म | | म्य |
| म | न | | ख्र | स | म | | बा | | टा | पू |
| क | र | त | ल | | श | रा | र | त | पू | र्ण |



## चिंतन

# भारत को अमेरिकी दबाव में आने की जरूरत नहीं

भारत सरकार को अमेरिकी दबाव में नहीं झुकना चाहिए। अमेरिका चाहे पचास फीसदी टैरिफ लगाए या सौ फीसदी, भारत को अमेरिका के अनुचित व अन्यायपूर्ण ट्रेड व्यवहार के आगे तनिक भी दबाव में आने की जरूरत नहीं है। अमेरिका का टैरिफ कदम विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों व संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के चार्टरों का खुला उल्लंघन है। हां, जवाबी कार्रवाई में संयम जरूर बरतना चाहिए और उचित वक्त आने का इंतजार करना चाहिए। चूंकि भारत व अमेरिका के बीच ट्रेड वार्ता चल रही है, पांच दौर की वार्ता हो चुकी है, छठे दौर की बातचीत के लिए अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल 25 अगस्त को भारत आ रहा है, इसलिए तब तक जरूर इंतजार कर लेना चाहिए। हालांकि इस वार्ता से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नया नया टैरिफ ऐलान और नई-नई धमकियां भारत को मनमाफिक डील के लिए झुकाने की टैक्टिस है। भारत यह समझता है और भारत सरकार ने अमेरिका को कड़ा जवाब भी दिया है कि वह अपने किसानों, मछुआरों, डेयर उत्पादकों व ऊर्जा हितों से समझौता नहीं करेगा, चाहे कोई भी कीमत क्यों न चुकानी पड़े। भारत का रूस से तेल आयात वैश्विक ऊर्जा स्थिरता में योगदान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ट्रंप के 50 फीसदी शुल्क लगाने के ऐलान के बाद सरकार की दृढ़ता दिखाई है, जो जरूरी कदम है। प्रधानमंत्री अगर पहली बार ही जब वे अमेरिकी दौरे पर राष्ट्रपति ट्रंप से मिलने गए थे और उनकी बैठक से पहले अमेरिका ने टैरिफ लगाया था, तब कड़ी प्रतिक्रिया देते तो ट्रंप की इतनी हिम्मत नहीं बढ़ती। 25 फीसदी शुल्क के ऐलान के वक्त भी सरकार को माकूल प्रतिक्रिया देनी चाहिए थी। देर ही सही पर भारत ने अमेरिका को उसके दोहरे मानदंड को लेकर आईना दिखाया कि वह खुद रूस से यूरेनियम, पैलेडियम, उर्वरक व मशीनरी उपकरण आयात कर रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप की भारत के प्रति जो मौजूदा टैरिफ धमकियों की स्थिति है, उसमें पीएम मोदी की सरकार की ट्रेड नीति, विदेश नीति व कूटनीति के साथ भारतीय राष्ट्रवाद की भी परीक्षा है। भारत को अपनी स्वतंत्र, गुटनिरपेक्ष और संप्रभु विदेश नीति पर दृढ़ रहना चाहिए। ट्रंप अगर नहीं रुकते हैं, तो यह वक्त तगड़ा जवाब देने का भी होगा। अमेरिका पर जवाबी शुल्क लगा सकता है, साथ ही भारत नए विकल्प की ओर बढ़ सकता है। भारत रूस के साथ अपनी तेल खरीद व ट्रेड बढ़ा सकता है। रक्षा निर्भरता रूस पर अधिक है व वह भरोसेमंद साझेदार भी है, इसलिए इस टेस्टेड रिश्ते को और मजबूत करना चाहिए। भारत ने यूके के साथ फ्री ट्रेड डील की है, ईयू (यूरोपीय संघ) के साथ एफटीए सितंबर तक हो जाएगा। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक का लाभ भारत को चीन के साथ अपने ट्रेड संबंध को बढ़ाने के अवसर के रूप में लेना चाहिए। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत की यात्रा पर आ रहे हैं। 50 फीसदी टैरिफ लगने के बाद ब्राजील ने भी कहा है कि वे भारत व चीन के साथ इससे उबरने के उपायों पर चर्चा करेंगे। ट्रंप ने टैरिफ वार से विश्व स्तर पर ऐसी स्थिति बना दी है, जिसमें भारत, रूस, चीन, ब्राजील, ईरान आदि देशों की नजदीकियां बढ़ रही हैं, जो ग्लोबल ट्रेड की वैकल्पिक धुरी बन रही हैं। भारत ब्रिक्स को मजबूत करने में सहयोग कर सकता है और करीब 50 से अधिक देशों वाले अफ्रीकी संघ के साथ अपने ट्रेड संबंध को मजबूत कर सकता है। साथ ही वह दक्षिण पूर्व व मध्य पूर्व एशियाई देशों के साथ अपना ट्रेड बढ़ा सकता है। अमेरिकी टैरिफ से भारत से अमेरिका को निर्यात 40 से 50 फीसदी प्रभावित हो सकता है, इसलिए निर्यातकों को इन विकल्पों की तरफ बढ़ना चाहिए। भारतीय शेयर बाजार ने ट्रंप टैरिफ को ठेंगा दिखाया है व बढ़त के साथ बंद हुई है, साफ है भारत का घरेलू बजार मजबूत है, इसमें और अधिक आर्थिक क्षमता है। अमेरिका अपनी हरकतों से खुद भारत से दूर हो रहा है। इसलिए ग्लोबल ट्रेड में भारत को इसे एक अवसर के रूप में लेना चाहिए।

## भारत छोड़ो आंदोलन

कृष्ण प्रताप सिंह



# हाजरा ने 3 गोलियां खाकर भी तिरंगे की आन बचाई

दूसरे विश्व युद्ध के दौरान आठ अगस्त, 1942 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने बम्बई (अब मुम्बई) से महात्मा गांधी की अगुवाई में 'भारत छोड़ो' आन्दोलन आरंभ किया तो उसे गोरी सत्ता का बेहद निर्मम और क्रूर दमन चक्र झेलना पड़ा। शायद इसलिए कि गोरों ने अंदाजा लगा लिया था कि भारत में अब उसके दिन ज्यादा नहीं रह गये हैं और यह आंदोलन भारतीयों को आजादी की मंजिल तक पहुंचाने में सबसे निर्णायक सिद्ध होने वाला है। ऐसे में जैसा कि बहुत स्वाभाविक था, आंदोलनकारियों को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। लेकिन जैसी कीमत बंगाल की वीरांगना मातंगिनी हाजरा ने चुकाई, शायद ही किसी और ने चुकाई हो। सितम्बर, 1942 में 73 साल की उम्र में अपने राज्य के तामलुक में प्रदर्शन करती हुई वे पुलिस की तीन गोलियां खाकर शहीद हुईं तो शरीर में प्राण रहते अपने हाथ में थामे हुए तिरंगे की आन पर आंच नहीं आने दी, उसको लगातार ऊंचा किए रखा और भूमि पर नहीं गिरने दिया। दरअसल, इस आंदोलन के दौरान बंगाल के आंदोलनकारियों ने ऐसा जीवट प्रदर्शित किया कि यह अपनी शुरुआत के अगले महीने सितम्बर में और जोर पकड़ गया। आठ सितंबर को मिदनापुर जिले में पुलिस फायरिंग के बावजूद ये आंदोलनकारी न भड़के, न ही उग्र होकर गोरों को उनके ही अंदाज में तुरंत जवाब देने की सोची। दूसरे शब्दों में कहें तो उन्होंने विवेक नहीं खोया, दूरंदेशी से काम लिया और अगले 20 दिनों तक सरकारी दमन के प्रतिरोध की अपनी तैयारियों को व्यापक बनाने में लगे रहे। 29 सितम्बर को मातंगिनी हाजरा के नेतृत्व में कोई छह हजार आन्दोलनकारियों का जत्था



(जिसमें अधिकतर महिलाएं थीं) प्रदर्शन करने निकला तो जैसे ही वह शहर पहुंचा और अदालत की ओर जाने लगा, पुलिस ने उसे रोकने की कोशिशें शुरू कर दीं। लेकिन प्रदर्शनकारियों की अगुआई कर रही मातंगिनी हाजरा हाथ में तिरंगा लिए जोर-जोर से 'वंदेमातरम' का उद्घोष करती हुई जत्थे के साथ आगे बढ़ती रहीं। फिर क्या था, पुलिस ने उन पर गोलीबारी आरंभ कर दी। उसकी दो गोलियां मातंगिनी के दोनों हाथों में, जबकि एक माथे पर आ लगी। इसके बावजूद वे तिरंगे को मजबूती से पकड़े रहीं और जब तक निष्प्राण नहीं हो गईं, उसे भूमि पर नहीं गिरने दिया। इस पुलिस फायरिंग में उनके जत्थे के स्त्री-पुरुषों ने भी कुछ कम दृढ़ता का प्रदर्शन नहीं किया। उनमें से 43 को अपने प्राणों की आहुति देकर इसकी कीमत चुकानी पड़ी, लेकिन जो बच गये, उनका मनोबल नहीं टूटा। उन्होंने अपना संघर्ष जारी रखा और अंततः तामलुक व कोनताई में अपनी मर्जी की आजाद 'ताम्रलिप्ता जातीय सरकार' गठित करने में सफल रहे, जो 1945 तक चली। मातंगिनी के शुरुआती जीवन पर जायें तो 1869 में बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर ज़िले में तामलुक के निकट स्थित होगला गांव में एक बेहद गरीब व साधारण किसान परिवार में उनका जन्म हुआ तो 12 साल की छोटी-सी उम्र में ही उनको बाल-विवाह का अभिशाप झेलना पड़ गया था। इसके चलते उनको जरूरी शिक्षा-दीक्षा से भी वंचित रहना पड़ा था और जब तक वे वयस्क होतीं, उम्र में उनसे काफ़ी बड़े जिस व्यक्ति से उन्हें बरबस ब्याह दिया गया था, वह संसार छोड़ गया। इस तरह 18 साल की वे विधवा हो गईं। लेकिन उनकी जिजीविषा इतनी अदम्य थी कि न वे इस सब से टूटीं और न ही दारुण विलाप करके किसी से दया की याचना की। ससुराल से मायके वापस लौट आईं और सामाजिक कार्यों व स्वतंत्रता संग्राम के प्रति समर्पित हो गईं। उनका यह समर्पण रंग लाया और कुछ वर्षों में वे न सिर्फ अपने गांव बल्कि उसके आसपास के बड़े क्षेत्र के ग्रामीणों की विश्वासपात्र हो गईं। फिर तो ये ग्रामीण उनके एक इशारे पर कुछ भी कर गुजरने को तैयार रहने लगे। अनंतर, महात्मा गांधी से प्रभावित होकर वे उनकी ऐसी प्रतिबद्ध अनुयायी बन गईं कि जैसे ही उम्रदराज हुईं, क्षेत्र के लोग स्थानीय भाषा में उन्हें गांधी बूड़ि कहने लगे। समय के साथ वे 1905 के स्वदेशी आंदोलन, नमक सत्याग्रह व सविनय अवज्ञा आन्दोलनों में भी सक्रिय रहीं।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हिन्दू आतंकवाद की साजिश हुई नाकाम



## मालेगांव मामला

अवधेश कुमार

> मालेगांव विस्फोट मामले में न्यायालय ने सातों आरोपियों के विरुद्ध किसी तरह के सबूत न मिलने पर बरी कर दिया। पत्र पत्रिकाओं में आलेखों, टीवी डिबेटों, एनजीओ, अन्य संगठनों की विचार गोष्ठियों, यहां तक कि संसद के अंदर आतंकवाद पर हिंदू संगठनों को लांछित करने का लगातार अभियान चला। पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र संघ तक में हिंदू आतंकवाद विषय को उठाया। अगर यह साबित हो जाता तो भारत का आतंकवाद विरोधी संघर्ष वैश्विक स्तर पर विफल रहता। नेताओं से लेकर सुरक्षा व प्रशासनिक अधिकारियों तथा एक्टिविस्टों तक को न्याय के दायरे में खड़ा किया जाना आवश्यक है ताकि भविष्य में कोई देश की सुरक्षा के साथ ऐसा घृणित षड्यंत्र नहीं कर सके।

एनआईए विशेष न्यायालय द्वारा मालेगांव द्वितीय विस्फोट पर दिए गए फैसले के बाद तत्काल टिप्पणी के लिए शब्द तलाशना कठिन है। विश्व में कोई देश नहीं होगा, जहां स्थानीय पुलिस को आतंकवादी हमले के पीछे की साजिशों के सच की गंध होने के बावजूद राजनीति के लिए नई कहानी गढ़ी जाए, निर्दोष लोगों को गिरफ्तार कर व्यापक दुष्प्रचार हो तथा उन्हें सजा दिलाने के लिए नकली गवाह, फर्जी सबूत यहां तक कि जांच अधिकारी तक पैदा कर दिया जाएं। आतंकवादी हमला देश पर हमला माना जाता है और उनसे संघर्ष के लिए सभी राजनीतिक दलों, अधिकारियों और आम लोगों को एकजुट होकर दोषियों के विरुद्ध टूट पड़ने की आवश्यकता होती है। न्यायालय ने सातों आरोपियों के विरुद्ध किसी तरह के सबूत न मिलने पर बरी कर दिया। जिन निर्दोष लोगों की जिंदगी नष्ट हो गई तथा संगठनों की छवि पर कालिख पोती गई, उनके साथ न्याय कैसे होगा।

जमीयत उलेमा ए हिंद इसके विरुद्ध उच्च न्यायालय जाएगा। हालांकि जिन लोगों ने पूरे मामले पर दृष्टि रखी थी, उनके लिए यही फैसला अपेक्षित था। उन्हें पता था कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भाजपा तथा कुछ हिंदू संगठनों को आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्त साबित करने के लिए हिंदू आतंकवाद, भगवा आतंकवाद जैसे शब्द कहे गए और निर्दोष लोग आरोपी बनाए गए। जरा सोचिए, 2008 से 2025 तक इन आरोपियों को किन-किन अवस्थाओं से गुजरना पड़ा होगा। साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर को तो भाजपा ने 2019 में भगवा आतंकवाद, हिंदू आतंकवाद , संघी आतंकवाद के विरुद्ध स्वयं को देश का सबसे बड़ा झंडाबरदार साबित करने वाले दिग्विजय सिंह के विरुद्ध लोकसभा चुनाव लड़ाकर संसद बना दिया था। अन्य ऐसे सौभाग्यशाली साबित नहीं हुए। लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित को 2008 से ही निलंबन में जीवन गुजारना पड़ा। इन सबको आरंभ में महाराष्ट्र आतंक निरोधी दस्ता या एटीएस और फिर एनआईए ने जैसी यंत्रणाएं दी, थर्ड डिग्री का इस्तेमाल किया उसकी उसके विवरण से ही कलेजा कांप जाता है। न्यायालय ने कहा है कि इन लोगों पर लगे आरोपों की पुष्टि के सबूत नहीं हैं। 29 सितंबर, 2008 को मालेगांव के भिखू चौक पर हुए विस्फोट में जिस मोटरसाइकिल की प्रज्ञा ठाकुर की होने की बात की गई। उसके नंबर नकली थे तो चेसिस और इंजन तक के नंबर गायब कर दिए गए थे। कर्नल प्रसाद पुरोहित ने विस्फोट के लिए कश्मीर से आरडीएक्स लाकर अपने घर में बम बनाया, इसके कोई चिन्ह नहीं थे। हां, न्यायालय ने आदेश दिया है कि सुधाकर चतुर्वेदी के घर में विस्फोटक किसने रखा इसकी जांच की जाए। भोपाल और एक अन्य बैठक में सबके शामिल होने और विस्फोट करने की योजना का इसमें जिक्र है किंतु वहां ऐसी बातचीत के भी प्रमाण नहीं हैं। अगर मेजर रमेश उपाध्याय या किसी ने हिंदू राष्ट्र बनाने की बात की तो इसके आधार पर वे आतंकवादी नहीं माने जा सकते। 323 गवाह आए जो केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद 34 गवाहों ने स्वीकार किया कि उनसे झूठी गवाही दिलवा कर दस्तखत करवाए गए। कल्पना करिए जिस राजनीतिक नेतृत्व और सुरक्षा अधिकारियों के जिम्मे देश की सुरक्षा का दायित्व हो, षड्यंत्र कर आतंकवाद के




मामले में लोगों को फंसाने में सत्ता का दुरुपयोग करने लगें तो उन्हें क्या कहा जाएगा? तत्कालीन महाराष्ट्र एटीएस के प्रमुख हेमंत करकरे अब दिवंगत हो चुके हैं। जब साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने उनको राक्षस कहकर टॉर्चर की आपबीती सुनाई तो नेताओं, पत्रकारों, एक्टिविस्टों आदि के प्रभावी वर्ग ने विरोध किया। तत्कालीन महाराष्ट्र पुलिस के एक अधिकारी महबूब मोहव्वर ने कहा है कि उन्हें संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत को पकड़ने के लिए कहा गया और इससे इनकार करने पर उनके साथ बुरा बर्ताव किया। उन्होंने तत्कालीन एटीएस प्रमुख परमवीर सिंह पर आरोप लगाया कि जब उन्हें पता चला कि मुझे पूरे षड्यंत्र की जानकारी है तो आरोप लगाकर फंसाया और निलंबित करवा दिया। ऐसे कई बयान हैं जिनसे पता चला है कि संघ, उससे जुड़े संगठनों और भाजपा नेताओं तक के नाम लेने के लिए आरोपियों और गवाहों पर दबाव डाले गए। केंद्र में सरकार नहीं बदलती तो क्या होता? ध्यान रखिए, मालेगांव ऐसा अकेला मामला नहीं था। इसमें भगवा या हिंदू आतंकवाद का आरोप लगने के साथ इसके पूर्व के दो विस्फोटो और मालेगांव प्रथम को भी हिंदू संगठनों की साजिश मानकर जांच शुरू की गई। 19 फरवरी, 2007 को 4001 अप अटारी समझौता एक्सप्रेस में हरियाणा के पानीपत जिले के शिव गांव के नजदीक विस्फोट हुआ था जिसमें 68 लोगों की मृत्यु हुई तथा डेढ़ सौ से ज्यादा घायल हुए। 18 मई, 2007 को हैदराबाद के मक्का मस्जिद में विस्फोट हुआ जिसमें तत्काल नौ लोगों की मृत्यु हुई और 58 घायल हो गए थे। इन दोनों में भी हिंदू आतंकवाद के नाम से गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय ससम्मान आरोपों से मुक्त कर चुका है। समझौता एवं मक्का मस्जिद दोनों में इस्लामी आतंकवादियों का नाम आया, मक्का मामले में आंध्र एटीएस ने दो को गिरफ्तार किया और डीजीपी ने बयान दिया कि लश्कर ए तैयबा के कहने पर सिमी ने विस्फोट कराए हैं। समझौता मामले में भी अमेरिकी एफबीआई ने लश्कर ए तैयबा के हाथ होने की ऑन रिकॉर्ड बात कही। मालेगांव प्रथम में भी पांच आरोपी गिरफ्तार हुए। तत्कालीन कर्नाटक के एसएफएल प्रमुख पीए मोहन ने कई इंटरव्यू दिए, जिसमें कहा कि आरोपियों ने न केवल नारको, बल्कि लाई डिटेक्टर, पोलीग्राफी सभी टेस्ट में बताया था कि हमने कैसे विस्फोट किए। हिंदू आतंकवाद कहानी गढ़ने के बाद उन सबको रिहा कर दिया गया। आखिर इन हमलों में मारे गए निर्दोष लोगों के अपराधियों को सजा न दिलाने का दोषी किसे मानेंगे? तब आधे दशक के आतंकवाद पर हुए विमर्श को याद करिए। पत्र पत्रिकाओं में आलेखों, टीवी डिबेटों, एनजीओ, अन्य संगठनों की विचार गोष्ठियों, यहां तक कि संसद के अंदर भी आतंकवाद पर हिंदू संगठनों को लांछित करने का लगातार अभियान चला। पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र संघ तक में हिंदू आतंकवाद विषय को उठाया।

अगर यह साबित हो जाता तो भारत का आतंकवाद विरोधी संघर्ष वैश्विक स्तर पर विफल रहता। आज देश की क्या स्थिति होती इसकी कल्पना से भय पैदा होता है। जिस साहस के साथ भारत पश्चिमी देशों को आईना दिखाता है कि आतंकवाद पर दोहरा रवैया नहीं चलेगा, भारत का सिर शर्म से झुका रहता। इन तथ्यों को देखिए और निष्कर्ष निकालिए। इन चारों विस्फोटों के अपराधी आज तक बाहर हैं और पता नहीं, वे क्या-क्या कर रहे होंगे। स्वाभाविक ही किसी भारतीय की पहली प्रतिक्रिया यही होगी कि जो इन षड्यंत्रों के पीछे थे, उन सबको कानून के तहत कठोर सजा दिलवाई जानी चाहिए। नेताओं से लेकर सुरक्षा व प्रशासनिक अधिकारियों तथा एक्टिविस्टों तक को न्याय के दायरे में खड़ा किया जाना आवश्यक है ताकि भविष्य में कोई देश की सुरक्षा के साथ ऐसा घृणित षड्यंत्र नहीं कर सके।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# 'धर्म और अध्यात्म' के बदलते जा रहे हैं अर्थ



संकलित

## दर्शन

संप्रति कितने ही धर्मात्मा इसका श्रेय लेते हैं कि चूंकि वे किसी धर्म को मानते हैं लिहाजा आध्यात्मिक भी हैं। जबकि यह सही नहीं है। धर्म और अध्यात्म जैसे गूढ़ शब्दों का मर्म विरले ही समझ पाए हैं। वैसे हम सभी किसी न किसी धर्म को मानने वाले हैं। हमारा धर्म जन्म से पूर्व ही निर्धारित हो जाता है। उन्हीं संस्कारों के साथ हम पलते-बढ़ते हैं। हममें से कई अध्यात्म के पथ पर चलने को उत्सुक होते हैं, किंतु देखने में आता है कि धार्मिकता और आध्यात्मिकता के बीच महीन अंतर जान पाने में स्वयं को असमर्थ पाते हैं। दरअसल अपने ईश्वर प्रेम के चरम लक्ष्य की प्राप्ति ही मनुष्य को आध्यात्मिकता की ओर ले जा सकती है-फिर धर्म मार्ग कोई भी हो। हम स्वयं अनेक धार्मिक विधि-विधानों से जीवनपर्यत बंधे रहते हैं, जो वास्तव में बाहरी क्रियाएं हैं। ज्ञानीजन मानते हैं कि धर्म धैर्यपूर्वक इंद्रियों को वश में कर अपने और प्रियजनों को सुरक्षित, विद्यावान और समृद्ध बनाने की युक्ति है, जो अकारण ही समाज को संप्रदायों में बांट लेने का कारण बन पड़ती है। जबकि अध्यात्म परस्पर मेल का साधन है, जिसका ध्येय दिव्य प्रेम को प्राप्त करना है, जो मनुष्य को उच्चतम अवस्था में ले जा सके। दुर्भाग्यवश समय के साथ धर्म और अध्यात्म के अर्थ अपनी सुविधानुसार बदलते जा रहे हैं। दोनों अपनी मूल अभिव्यक्ति खोने लगे हैं। धर्म को मानने वाले कुछ लोग, जिन पर समाज विश्वास करता है, जब स्वयं दिशाहीन होते जा रहे हैं, तब वे कैसे आमजन को अध्यात्म का गूढ़ अर्थ समझा सकने में सक्षम हो सकते हैं?

# शनिदेव को पिप्पलाद मुनि ने दिया श्राप



संकलित

## प्रेरणा

पुराने समय में वृत्तासुर नाम के एक असुर का आतंक बढ़ गया था। इस असुर को सभी देवता पराजित नहीं कर पा रहे थे। उस समय दधिचि ऋषि ने देवताओं से कहा कि मेरे शरीर की हड्डियों से आप वज्र नाम का शस्त्र बनाइए और उस वज्र से वृत्तासुर का अंत हो जाएगा। देवताओं की भलाई के लिए दधिचि ऋषि ने अपनी देह त्याग दी और बाद में देवताओं ने ऋषि की हड्डियों से वज्र बनाया। देवराज इंद्र ने इस वज्र से असुरों को पराजित कर दिया। दधिचि मुनि के पुत्र का नाम पिप्पलाद था। दधिचि के पुत्र का जन्म पीपल के नीचे हुआ था, इस कारण इस बच्चे का नाम पिप्पलाद रखा गया। बच्चे के जन्म से पहले ही दधिचि की मृत्यु हो गई थी। जब पिप्पलाद बड़े हुए तो उन्होंने देवताओं से पूछा कि मेरे पिता की इतनी जल्दी मृत्यु कैसे हो गई। उस समय उन्हें मालूम हुआ कि शनि की अशुभ दृष्टि की वजह से दधिचि मुनि की मृत्यु का योग बना है। वे बड़े तपस्वी थे। जब उन्हें मालूम हुआ कि शनि के कारण उनके पिता की जल्दी मृत्यु हुई तो उन्होंने शनि को ग्रह मंडल से हटने का शाप दे दिया। शाप के असर से शनि ग्रह मंडल से हटने लगे तो सभी देवताओं ने पिप्पलाद मुनि से अपना शाप वापस लेने की प्रार्थना की। देवताओं की प्रार्थना से पिप्पलाद मुनि ने शनि को क्षमा कर दिया, लेकिन उन्होंने से शनि से कहा कि अब से किसी बच्चे को 16 वर्ष की उम्र तक शनि दोष का सामना न करना पड़े, शनि बच्चों पर अशुभ दृष्टि नहीं डालेंगे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अध्यापक दायित्वों को दरकिनार करने से बचे

मानव की सोई हुई शक्ति को जगाने वाली शिक्षा है। टीचर का सही लक्ष्य मानव बनाने का है। जिस शिक्षा से मानव की मानवता जागृत नही हो अथवा पशुता के संस्कार समाप्त नही, उस शिक्षा का कोई महत्व नही है।वर्तमान में जो शिक्षा पद्धति है, वह समीचीन नही है। आज इस बात की आवश्यकता है कि शिक्षा का, ज्ञान का स्वरूप सम्यक हो एवं वातावरण में व्याप्त अराजकता के उन्मूलन के लिए जागरूकता पूर्वक प्रयास हो। लेकिन आज तो दोनों ही भटक गए है। अध्यापक नौकरी करते है और छात्र डिग्रियां लेते है। संस्कारो की चिंता किसी को नही है। आज मोबाइल और इंटरनेट के समय में जहा छात्र -छात्राएं भटक रहे है। वही टीचर भी अपनी मर्यादाओ को पीछे छोड़ रहे है। गुरु और शिष्य की परंपरा का निर्हवन नही होता है। गुरु शिष्य के पवित्र रिश्ते तार तार हो रहे है।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

# वास्तविक दुनिया से जोड़ने ब्रिटेन में युवाओं को पैकेज




ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने बुधवार को 8 .8 करोड़ पाउंड के युवा सेवा पैकेज जारी किया, जिसका उद्देश्य किशोरों को स्क्रीन से दूर रखकर वास्तविक जगत की बाहरी गतिविधियों के माध्यम से अपने आसपास की दुनिया से फिर से जोड़ना है। 'बिल्डिंग क्रिएटिव फ्यूचर्स' कोष स्कूली बच्चों को नियमित स्कूली दिनों के अलावा खेल, कला और संगीत, वाद-विवाद या स्वयंसेवा जैसी पाठ्येतर गतिविधियों तक बेहतर पहुंच प्रदान करता है ताकि उनके आवश्यक कौशल में सुधार हो सके। 'बेटर यूथ स्पेसिस' कार्यक्रम की योजना उन क्षेत्रों में युवा क्लबों के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए बनाई गई है, जहां गरीब बच्चे सबसे ज्यादा हैं। इसमें नए जिम उपकरण आदि शामिल हैं। स्टॉर्मर ने कहा, 'आजकल बच्चे ऑनलाइन दुनिया में आगे बढ़ते हुए, अक्सर खुद को घर पर अलग-थलग और अपने समुदायों से कटा हुआ पाते हैं।' उन्होंने कहा, 'एक सरकार के रूप में, इस चिंताजनक प्रवृत्ति पर कार्रवाई करना हमारा कर्तव्य है। आज का निवेश एक बेहतर विकल्प प्रदान करने के बारे में है : परिवर्तनकारी, वास्तविक दुनिया के अवसर जिनका देश भर के समुदायों पर प्रभाव पड़ेगा, ताकि युवा कुछ नया खोज सकें, अपनी ऊर्जा पा सकें।

## ऑफ बीट

# नींद में खलल से पक्षियों की आवाज में आता है बदलाव

पक्षियों को भी नींद में खलल पड़ने पर तकलीफ होती है, और यह उनके गायन में भी दिखाई देता है। पक्षियों की आवाज असाधारण रूप से विविध होती है।



यह साधारण आवाज, जैसे मुर्गा के कुकड़ू-कु, से लेकर अन्य ध्वनियों की जटिल नकल, कभी-कभी तो मानव आवाज की नकल तक होती है। यह आवाज पक्षियों के लिए अपने और अपने परिवेश के बारे में जानकारी साझा करने के वास्ते महत्वपूर्ण है। यह आमतौर पर छोटी और सरल होती है। इसका इस्तेमाल अक्सर सामाजिक संवाद के लिए किया जाता है, जैसे खतरे या भोजन का संकेत देना, रिश्तेदारों की पहचान के लिए या सामाजिक जुड़ाव बनाए रखने के लिए। गीत ज़्यादा जटिल और मधुर होते हैं और इनका इस्तेमाल साथी को आकर्षित करने, किसी क्षेत्र की रक्षा करने या नये क्षेत्र पर कब्जा करने के लिए किया जाता है। ऐसी ध्वनियां उत्पन्न करने के लिए, पक्षियों को मस्तिष्क, फेफड़े और गले की मांसपेशियों सहित कई शारीरिक प्रणालियों का समन्वय करना पड़ता है। चूंकि स्वर-निर्माण जटिल होते हैं और सटीक समय की आवश्यकता होती है, इसलिए उनमें त्रुटियां होने की संभावना अधिक होती है। कई प्रजातियों में, जो पक्षी अधिक बार और अधिक जटिलता से गाते हैं, वे बेहतर साथी आकर्षित कर सकते हैं।

## ट्रेंड

### नई कृषि तकनीक



तमिलनाडु के किसानों के एक समूह से मुलाक़ात हुई। उनके अनुभवों और नवाचार पर उत्पादकता बढ़ाने के साथ-साथ टिकाऊपन बढ़ाने के लिए नई कृषि तकनीकों को अपनाने के उनके प्रयासों के बारे में सुनकर मैं दंग रह गया।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### राष्ट्रीय हथकरघा दिवस



हम 'राष्ट्र प्रथम' के भाव से भर जाएं, हमको स्वदेशी अभियान चलाना है। आज 'राष्ट्रीय हथकरघा दिवस' पर हम ये संकल्प भी लें कि हम अपने देश में बनी हुई चीजें को ही खरीदेंगे।

**- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### उड़ान के लिए तैयार



गुवाहाटी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल नवंबर में खोला जाएगा। यह टर्मिनल न केवल पूर्वोत्तर राज्यों के साथ, बल्कि हमारे पड़ोसी देश भूटान के साथ भी संपर्क को बढ़ाएगा। नवंबर से एक नये और बेहतर अनुभव के साथ उड़ान भरने के लिए तैयार हो जाइए।

**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### अनावश्यक टिप्पणी



राहुल गांधी हर बात पर संवैधानिक संस्थाओं पर अनावश्यक टिप्पणी करते रहते हैं, अपना राजनीतिक अस्तित्व बचाने के लिए चुनाव आयोग पर टिप्पणी करना अनुचित है। उन्होंने राजनीति में स्थापित होने के कई प्रयास किये लेकिन असफल रहे।

**- नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## 5 मैचों की सीरीज में मिला जबरदस्त तड़का

# सीरीज जो याद रहेगी: भारत-इंग्लैंड टेस्ट दौरे में हर मोड़ पर था रोमांच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हाल ही खत्म हुई भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की सीरीज में जबरदस्त तड़का देखने को मिला। ओवल में 4 अगस्त को सीरीज समापन 2-2 के साथ खत्म हुई। हेडिंग्ले के लीड्स से लंदन के ओवल मैदान के बीच, जो भी क्रिकेट देखने को मिला वो किसी रोचक फिल्मी कहानी से कम नहीं था। इस सीरीज के हर टेस्ट में कुछ न कुछ रोमांच क्रिकेट प्रेमियों को देखने को मिला। इसी सीरीज के दौरान कई विवाद सामने आए, कई बार लगा कि 'जेंटलमैन गेम' की भावनाएं तार-तार हो जाएंगी। मैदान पर भिड़ंत हुई, कहा-सुनी हुई लेकिन इन सबने दर्शकों को एक सुपरपैक सीरीज देखने को मिली।

### ड्यूक्स बॉल की क्वालिटी पर विवाद

लॉर्ड्स टेस्ट में टीम इंडिया की हार के बाद ड्यूक्स बॉल की गुणवत्ता पर सवाल उठे थे। इसके बाद मामले की शिकायत भारतीय टीम के मैनेजमेंट ने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल से की। अपनी शिकायत में भारतीय टीम ने आरोप लगाया था कि दूसरी रिप्लेसमेंट बॉल, जिसने सिर्फ 10 ओवर में ही शेप खो दी थी, असल में 30-35 ओवर पुरानी थी। टीम इंडिया के मैनेजमेंट का कहना है कि इससे उन्हें काफी नुकसान हुआ और आखिरकार 22 रनों से मैच हारना पड़ा था।



### आकाशदीप का डकेट के गले में हाथ डालना

ओवल टेस्ट में तेज गेंदबाज आकाश दीप ने बेन डकेट को पहली पारी में 43 रनों के निजी स्कोर पर आउट किया था। डकेट आउट होने से पहले बेहद लय में दिख रहे थे। ध्रुव जुरेल के हाथों डकेट के कैच आउट होने के बाद आकाश दीप ने आक्रामक अंदाज में जश्न मनाया। उन्होंने डकेट के सामने ही मुट्ठी भींची और फिर कंधे पर हाथ रखकर उनसे कुछ कहा। इस चीज ने भी सवाल उठाया। वहीं, ओवल में ही प्रसिद्ध कृष्णा और रूट में भी बहस देखने को मिली थी।

### लॉर्ड्स टेस्ट में इंग्लैंड की टाइम वेस्टिंग रणनीति

भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान में हुआ। मैच के तीसरे दिन (12 जुलाई) के खेल का समापन बेहद नाटकीय अंदाज में हुआ। दिन का खेल खत्म होने से पहले भारतीय कप्तान शुभमन गिल और जैक क्राउली के बीच जमकर बहस हुई। क्राउली ने बल्लेबाजी के दौरान टाइम करने की कोशिश की, ताकि इंग्लैंड को तीसरे दिन एक ओवर से ज्यादा का सामना नहीं करना पड़े।

### गौतम बनाम क्यूरेटर विवाद

ओवल टेस्ट की शुरुआत 31 जुलाई को हुई थी, लेकिन टेस्ट शुरू होने से पहले ओवल के पिच क्यूरेटर ली फोर्टिस ने बेवजह गौतम गंभीर से बहस की। 29 जुलाई को टीम इंडिया का ट्रेनिंग सेशन था। सेशन के दौरान क्यूरेटर ली फोर्टिस ने भारतीय कोचिंग स्टाफ से कहा कि वे मेन पिच एरिया से 2.5 मीटर दूर रहें, जबकि उन्होंने सिर्फ जॉगर्स (रबर स्पाइक्स) जूते पहने थे। इस बात से भारतीय टीम मैनेमेंट नाराज हो गया था। इस पर गौतम गंभीर कहते हुए सुने गए कि तुम हमें ये नहीं बता सकते कि हमें क्या करना है। तुम्हें कोई हक नहीं है ये कहने का। तुम बस एक ग्राउंड्समैन हो, इससे ज्यादा कुछ नहीं।

# 18 साल की एमबोको पहुंचीं फाइनल में शीर्ष खिलाड़ी रिबाकिना को हराकर चौंकाया

### नेशनल बैंक टेनिस: एमबोको ने तीन सेटों में रिबाकिना को 1-6, 7-5, 7-6 से दी मात



एजेंसी ▶▶| मांट्रियल

कनाडा की किशोरी विक्टोरिया एमबोको ने नौवीं वरीय एलेना रिबाकिना को हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। कनाडा की 18 साल की एमबोको ने रिबाकिना को तीन सेट चले कड़े मुकाबले में 1-6, 7-5, 7-6 से हराया।

- फाइनल में एमबोको जापान की ओसाका से भिड़ेंगी

### खचानोव ने ज्वेरेव को हराया

पुरुषों के वर्ग में रूस के 11वें वरीय केरेन खचानोव ने शीर्ष वरीय जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। खचानोव ने ज्वेरेव को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में 6-3, 4-6, 7-6 से हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। एटीपी टूर पर सात बार के विजेता 29 वर्षीय खचानोव फाइनल में दूसरे वरीय टेलर फ्रिट्ज और चौथे वरीय बेन शेल्टन के बीच होने वाले ऑल अमेरिकी सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेंगे। दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव ने यहां 2017 में खिताब जीता था और वह एटीपी टूर पर 24 खिताब जीत चुके हैं।

### ओसाका का शानदार प्रदर्शन जारी



चार बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन ओसाका 2022 में मियामी ओपन के फाइनल में पहुंचने के बाद से ही डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करती आ रही हैं। वह अपने आठवें और 2021 में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने के बाद अपने पहले खिताब की तलाश में उतरेंगी।

### एमबोको को अपना पहला डब्ल्यूटीए खिताब की तलाश


एमबोको ने तीसरे और निर्णायक सेट में एक मैच प्वाइंट बचाया और दो बार रिबाकिना की सर्विस तोड़कर सेट को टाईब्रेकर में खींचा और फिर जीत दर्ज की। फाइनल में एमबोको जापान की स्टार नाओमी ओसाका से भिड़ेंगी, जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में डेनमार्क की 16वीं वरीय क्लारा टॉसन को 6-2, 7-6 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। दुनिया की 85वें नंबर की खिलाड़ी एमबोको अपना पहला डब्ल्यूटीए खिताब जीतने के इरादे से उतरेंगी और उनकी नजरें फाये उरबन (1969) और बियांका आंद्रीस्क्यू (2019) के बाद ओपन युग में घरेलू खिताब जीतने वाली कनाडा की तीसरी खिलाड़ी बनने पर भी टिकी होंगी। मबोको ने कहा, अभूतपूर्व मैच, जिन्होंने मेरा समर्थन किया उन सभी को धन्यवाद। यह काफी कठिन मैच था, लेकिन सब कुछ संभव है।

भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज

# ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान कोंस्टास, नाथन को मौका

एजेंसी ▶▶| मसिडनी

भारत के खिलाफ पिछली बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट पदार्पण करने वाले सलामी बल्लेबाज सैम कोन्सटास और नाथन मैकस्वीनी को ऑस्ट्रेलिया 'ए' टीम में शामिल किया गया, जो अगले महीने लखनऊ में भारत 'ए' टीम के खिलाफ चार दिवसीय दो मैच खेलेगी। कोन्सटास ने पिछली भारत-ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला के दौरान मैकस्वीनी की जगह ली थी लेकिन शीर्ष क्रम में अपनी जगह पक्की नहीं कर पाए।



### कोहली ने कोंस्टास को दिया था धक्का

उन्नीस वर्षीय कोंस्टास 'ए' टीम में चुने गए मौजूदा टेस्ट टीम के एकमात्र खिलाड़ी हैं जबकि अन्य अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में मैकस्वीनी, कूपर कोनोली और स्पिनर टॉड मर्फी शामिल हैं। कोन्स्टास ने मेलबर्न टेस्ट में अपने पदार्पण पर काफी प्रभाव डाला था। उन्होंने आक्रामक अर्धशतक बनाया और भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली ने उन्हें कंधे से धक्का दिया था। बाद में उनकी अन्य भारतीय खिलाड़ियों के साथ बहस भी हुई लेकिन वह शुरुआती उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके।

## पांच भारतीय मुक्केबाज सेमीफाइनल में, अंडर 19 एशियाई चैम्पियनशिप में पदक पक्का

**बैंकॉक।** भारत के पांच पुरूष मुक्केबाज भी अंडर 19 एशियाई चैम्पियनशिप में अपने अपने भारवर्ग के मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में पहुंच गए जिससे उनका पदक पक्का हो गया। शिवम (55 किलो), मौसम सुहाग (65 किलो), राहुल कुंडू (75 किलो), गौरव (85 किलो) और हेमंत सांगवान (90 किलो) ने अंतिम चार में जगह बनाई। इससे पहले सात महिला मुक्केबाज भी सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं। अंडर 19 और अंडर 22 एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप साथ में हो रही है। भारत के अंडर 22 वर्ग में भी 13 पदक पक्के हो गए हैं। शिवम ने उजबेकिस्तान के अब्दुलअजीज अब्दुनाजारोव को 5.0 से हराया जबकि मौसम ने किर्गीस्तान के मुखम्मद अलीमबेकोव को 3.2 से मात दी। राहुल ने दक्षिण कोरिया के ऊंजो जियोंग को हराया जब रैफरी ने मुकाबला रोक दिया। गौरव ने चीनी ताइपै के कुआंग याओ चेंग को मात दी। हेमंत ने उजबेकिस्तान के मुहम्मदरिजो सिद्दीकोव को हराया। कृष हालांकि 90 प्लस वर्ग में ईरान के अब्बास घर्शास्बी से हार गए।



## शतरंज में भारत के बढ़ते खिताबों में जुड़ा एक और अध्याय, वेलाम्मल विद्यालय ने जीता गोल्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चेन्नई के वेलाम्मल विद्यालय ने अमेरिका के वर्जीनिया में आयोजित विश्व स्कूल टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी उपलब्धियों में और इजाफा किया है। सबसे युवा विश्व चैंपियन डी. गुकेश और ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा ने इसी स्कूल से पढ़ाई की है। चेन्नई के मोगाप्पैर इलाके में स्थित वेलाम्मल विद्यालय शतरंज क्रांति के पीछे एक बड़ी ताकत रहा है क्योंकि यह सैकड़ों उभरते हुए शतरंज खिलाड़ियों को विशेषज्ञ प्रशिक्षण प्रदान करता है। वेलाम्मल स्कूल की जीत ने शतरंज में भारत के बढ़ते खिताबों में एक और अध्याय जोड़ा है।

### वेलाम्मल एमएचएस स्कूल ने जीते सभी आठ मैच

शतरंज की वैश्विक संचालन संस्था फिडे ने लिखा, 'आठ रोमांचक दौर के बाद 2025 विश्व स्कूल टीम चैंपियनशिप वर्जीनिया के अलेक्जेंड्रिया में हुई।' उन्होंने कहा, 'एपिस्कोपल हाई स्कूल के खूबसूरत परिसर में आयोजित इस प्रतियोगिता में दुनिया भर के कुछ सबसे प्रतिभाशाली युवा शतरंज खिलाड़ियों ने चुनौती पेश की। परफेक्ट स्कोर के साथ बाकियों से आगे निकलते हुए भारत के वेलाम्मल एमएचएस स्कूल ने अपने सभी आठ मैच जीतकर स्वर्ण पदक जीता।'' फिडे ने कहा कि वेलाम्मल स्कूल की जीत शतरंज में भारत के बढ़ते खिताबों में एक और अध्याय जोड़ती है।

### भारत शतरंज के सभी प्रारुपों में कर रहा सफलता हासिल

फिडे ने कहा, 'भारत शतरंज के सभी स्तरों और प्रारुपों में लगातार सफलता हासिल कर रहा है और इस जीत से देश के बढ़ते खिताबों में एक और खिताब जुड़ गया है।' उन्होंने कहा, 'वेलाम्मल एमएचएस के लिए सफलता नई नहीं है, इसके पूर्व छात्रों में ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानानंदा और लियोन मेंडोंका शामिल हैं। इसलिए जब टीम पहले से ही शीर्ष स्थान हासिल करके अंतिम दौर में पहुंची तो यह कोई आश्चर्य की बात नहीं थी।'



## अदालत ने केंद्र सरकार को दिया गाइडलाइन बनाने का आदेश

# सरकार दिव्यांगों और बुजुर्गों को सुरक्षित फुटपाथ उपलब्ध कराए

डॉ. राजासेकरन द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान आदेश दिया गया, जिसमें फुटपाथों की दयनीय स्थिति और दिव्यांगजनों की परेशानी का हवाला दिया गया था।

**केंद्र और राज्य सरकारों की जवाबदेही की समीक्षा की जाएगी**



**डॉक्टर राजासेकरन की जनहित याचिका पर सुनवाई में यह कहा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के सभी नागरिकों, विशेषकर दिव्यांगों और बुजुर्गों को सुरक्षित फुटपाथ उपलब्ध कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा आदेश दिया है। अदालत ने केंद्र सरकार से कहा है कि वह चार हफ्तों के भीतर ऐसे दिशा-निर्देश बनाए, जो देशभर में सभी फुटपाथों को सुलभ और अतिक्रमणमुक्त बनाएं। यह आदेश डॉक्टर एस. राजासेकरन द्वारा दायर जनहित याचिका पर सु वाई के दौरान दिया गया, जिसमें उन्होंने भारत के फुटपाथों की दयनीय स्थिति और दिव्यांगजनों की परेशानियों को उजागर किया था।

*अदालत* ने केंद्र सरकार से कहा वह सुलभ और अतिक्रमण मुक्त हों



**संविधान का दिया हवाला, हर नागरिक को समानता और जीवन का अधिकार**

याचिकाकर्ता ने बताया कि देश में कई जगह फुटपाथ हैं ही नहीं, और जहां हैं वहां या तो टूटे-फूटे हैं या अतिक्रमण के शिकार हैं। इससे न सिर्फ दिव्यांगों की आवाजाही मुश्किल होती है बल्कि आम पैदल यात्रियों की जान भी खतरे में रहती है। याचिका में संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 का हवाला देते हुए दलील दी गई कि हर नागरिक को समानता और जीवन का अधिकार है, जिसमें सुरक्षित चलना भी शामिल है।

**3 अहम मुद्दों पर गाइडलाइन बनाने को कहा**

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने कहा कि अभी तक इस विषय पर कोई ठोस राष्ट्रीय दिशा-निर्देश नहीं हैं। इसलिए केंद्र सरकार को तीन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर नियम बनाने होंगे। पहला, सभी नई और पुरानी सड़कों पर तकनीकी मानकों के साथ फुटपाथ की अनिवार्यता तय करना। दूसरा, डिजाइन ऐसा हो कि दिव्यांगजनों को कहीं भी दिक्कत न हो। तीसरा, अतिक्रमण को हटाने और रोकने के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करना।

***अगर केंद्र फेल हुआ तो सुप्रीम कोर्ट बनाएगा नियम, राज्य भी समान व्यवस्था बनाएं***

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि अगर केंद्र सरकार तय समय में गाइडलाइन नहीं बनाती है, तो अदालत खुद अमिकस क्यूरी (अदालत के मित्र) की मदद से दिशानिर्देश तैयार करेगी। इसके साथ ही राज्यों को छूट दी गई है कि वे या तो इन राष्ट्रीय गाइडलाइनों को अपनाएं या अपनी गाइडलाइंस बनाएं, लेकिन मानक एक जैसे होने चाहिए।

**अगली सुनवाई एक सितंबर को, जवाबदेही तय होगी**

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को भी निर्देश दिए गए हैं कि वह इस मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए हलफनामा दाखिल करे। अगली सुनवाई एक सितंबर 2025 को होगी, जिसमें केंद्र और राज्यों की जवाबदेही की समीक्षा की जाएगी। कोर्ट के इस आदेश ने दिव्यांगों और पैदल यात्रियों के अधिकारों को मजबूती से सामने रखा है।

## ट्रंप के 50 फीसदी टैरिफ लगाने पर देशभर से आईं मिली-जुली प्रतिक्रियाएं

# थरूर बोले- सरकार जवाब दे, कोई हमें नहीं धमका सकता
# भाजपा बोली-देश का सवाल, हमें एकजुटता दिखानी होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**कांग्रेस नेता ने इसे अन्यायपूर्ण बताया**

अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए अतिरिक्त टैरिफ को कांग्रेस पार्टी के सांसद शशि थरूर ने अन्याय बताया है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि क्योंकि हम रूस से पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स, नेचुरअल गैस और ऑयल खरीद रहे हैं, इसलिए हम पर अतिरिक्त टैरिफ लगाया गया है। चीन हमसे दोगुना तेल खरीद रहा है लेकिन फिर भी उनको दोगुना समय दिया गया है। वॉशिंगटन से इसमें कोई दूसरा इशारा है, दूसरा कोई संदेश मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इसके बारे में हमारी सरकार को समझकर जवाब देना चाहिए। अगर वो लोग ऐसे करेंगे तो हमें भी अमेरिकन एक्सपोर्ट पर 50फीसदी टैरिफ लगाना चाहिए। ये नहीं है कि कोई भी किसी भी देश में बैठकर हमको ऐसे धमकी दे सके। थरूर ने कहा कि अमेरिकी सामानों पर हमारा औसत टैरिफ 17 फीसदी है। हमें 17 फीसदी पर ही क्यों रुकना चाहिए?

*चीन और अन्य देशों का उदाहरण भी दिया*

*कांग्रेस ने कहा, हमें भी ऐसे टैरिफ बढ़ाने का अधिकार, भारत के अपने मायने अलग*



**अमेरिका संग व्यापार पर असर पड़ेगा**

उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा अतिरिक्त टैरिफ लगाए जाने का असर भारतीय कंपनियों के व्यापार पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भारत अमेरिका के साथ 90 बिलियन डॉलर की ट्रेड करता है है, आप सोचिए कि हर चीज अगर 50 फीसदी ज्यादा महंगी होगी तो खरीदने वाले भी सोचेंगे कि भारत की चीज क्यों खरीद रहे हैं थरूर ने कहा कि हमारे जो प्रतिस्पर्धी हैं, जिन देशों से इस किस्म की चीजें अमेरिका को भेजी जा रही हैं, जैसे – पाकिस्तान, वियतनाम, बांग्लादेश, इंडोनेशिया, चीन का टैरिफ भी अगर हमसे कम है तो स्वाभाविक है कि उनकी चीजें कम महंगी हैं तो भारत की चीज अमेरिका में बिक नहीं पाएंगी।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा

**मोदी सरकार की विदेश नीति विफल**



इसी सिलसिले में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50फीसदी टैरिफ लगाने के फैसले को केंद्र सरकार की विदेश नीति की बड़ी विफलता बताया। खरगे ने कहा कि ट्रंप का यह कदम ऐसे समय में आया है जब भारत की कूटनीति कमजोर और भ्रमित नजर आ रही है। प्रधानमंत्री इस संकट से निपटने में पूरी तरह नाकाम रहे हैं ट्रंप भारत पर दबाव बना रहे हैं। खरगे ने पीएम नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि आप अमेरिका से व्यापार समझौता नहीं कर पाए।

निशिकांत

**दुनिया को पता चलना चाहिए भारत एकजुट**



भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा किट्रंप ने 140 करोड़ भारतीय पर टैरिफ थोपा है। उन्होंने कहा कि हमें पीएम के पीछे खड़े होने की जरूरत है ताकि भारत मजबूत रहे और पूरी दुनिया में यह मैसेज जाएहम एकजुट हैं।

महिंद्रा ने दिया मंत्र

**भारत के लिए दिए 2 जरूरी सुझाव**

महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने कहा कि अमेरिका द्वारा शुरू किया गया टैरिफ वॉर अनपेक्षित परिणाम ला सकता है। उन्होंने यूरोप और कनाडा के उदाहरण देकर समझाया कि कैसे ऐसी चुनौतियां देशों को मजबूत बदलाव के लिए मजबूर करती हैं। भारत के लिए महिंद्रा के 2 जरूरी सुझाव हैं। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में क्रांतिकारी सुधार महिंद्रा का कहना है कि भारत को छोटे-मोटे बदलावों से आगे बढ़कर सिंगल विंडो क्लीयरेंस का असली और प्रभावी सिस्टम बनाना होगा।

**'ट्रंप नहीं समझते वैश्विक व्यापार: ओवैसी**

एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि ट्रंप का 50 फीसदी टैरिफ भारतीय निर्यातकों, एमएसएमई, निर्माताओं को नुकसान पहुंचाएगा। यह कूटनीति नहीं, बदमाशी है।

**ये भी बोले**

**ट्रंप आखिर भारत के साथ क्या करना चाह रहे: मनीष**



कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि ट्रंप आखिर भारत के साथ क्या करना चाहते हैं? ये धमकी और दबाव की राजनीति क्यों हो रही है? सरकार को सीधी रीढ़ दिखानी होगी। उन्होंने यह भी मांग की कि सरकार संसद को भरोसे में ले और स्पष्ट रूप से बताए कि टैरिफ वार की स्थिति क्या है?

**मोदी-ट्रंप की दोस्ती कहां गई? बोले कार्ति**



कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने भी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जिस विशेष रिश्ते की बात सरकार करती थी, वो अब कहां गया? ट्रंप की धमकियों से साफ है कि वो रिश्ता केवल दिखावा था। सरकार को सभी दलों की बैठक बुलाकर भविष्य की रणनीति पर चर्चा करनी चाहिए।

# न्यायमूर्ति वर्मा का आचरण विश्वास से परे : सुप्रीम कोर्ट

## न्यायालय ने याचिका खारिज करते हुए की टिप्पणी

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने आंतरिक जांच समिति की उस रिपोर्ट को अमान्य करार देने का अनुरोध करने वाली इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा की याचिका बृहस्पतिवार को खारिज कर दी, जिसमें उन्हें नकदी बरामदगी मामले में कदाचार का दोषी ठहराया गया है। न्यायालय ने साथ ही कहा कि इस प्रक्रिया का पूरी कड़ाई से पालन किया गया था। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ए जी मसीह की पीठ ने कहा कि न्यायमूर्ति वर्मा का आचरण विश्वास से परे है और उनकी याचिका पर सुनवाई नहीं की जानी चाहिए। यह न्यायाधीश वर्मा के लिए एक बड़ा झटका है जो दिल्ली स्थित अपने आधिकारिक आवास के भंडार गृह में आग लगने के बाद बड़ी मात्रा में अधजली नकदी बरामद होने के बाद विवादों के केंद्र में हैं। न्यायमूर्ति वर्मा ने आठ मई की उस सिफारिश को रद्द करने का भी अनुरोध किया था जिसमें भारत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने संसद से उनके खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही शुरू करने का अनुरोध किया था। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि तत्कालीन सीजेआई और आंतरिक समिति ने पूरी प्रक्रिया का कड़ाई से पालन किया, सिवाय वीडियो फुटेज और तस्वीरें अपलोड करने के। न्यायमूर्ति दत्ता ने फैसला पढ़ते हुए कहा, ''हमने माना है कि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर आग बुझाने के अभियान की तस्वीरें और वीडियो अपलोड करना आवश्यक नहीं था। लेकिन ऐसा कहने के बाद भी, हमने यह भी स्पष्ट किया है कि इसका कोई विशेष महत्व नहीं है, क्योंकि उचित समय पर आपने इस मुद्दे को नहीं उठाया।

# कट्टरता युद्ध का कारण बनती है : भागवत

**नागपुर (भाषा)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को कहा कि कट्टरता क्रोध और घृणा पैदा करती है, जिससे झगड़े और युद्ध होते हैं। भागवत ने नागपुर में एक शिव मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद एक समारोह में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि दुनिया की सभी समस्याओं का मूल कारण मानव स्वभाव की पांच या छह प्रवृत्तियां हैं। आरएसएस प्रमुख ने कहा, "मनुष्य की कट्टरता क्रोध और घृणा पैदा करती है, जिससे झगड़े और युद्ध होते हैं।" उन्होंने कहा कि इन प्रवृत्तियों को बदलने के लिए भगवान शिव की भक्ति करनी चाहिए। भागवत ने कहा कि व्यक्ति को विनम्रता का जीवन अपनाना चाहिए और अपने लिए चीजें हासिल करने की इच्छा रखे बिना सभी के प्रति दया का भाव रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसी पवित्र जीवनशैली की ओर प्रतिदिन एक कदम बढ़ाना ही शिव के प्रति सच्ची भक्ति है। भागवत ने कहा कि दुनिया बदलाव के दौर से गुजर रही है और अगर मनुष्य ने उचित कदम नहीं उठाए, तो इसका विनाश हो जाएगा, लेकिन अगर वे सही कदम उठाएंगे, तो मानवता का एक नया उन्नत रूप उभरकर सामने आएगा। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि मानवता के ऐसे उन्नत स्वरूप के उद्भव के लिए भारत को विश्व का नेतृत्व करना होगा। उन्होंने कहा कि देश में विश्वभर के लोगों के जीवन में परिवर्तन लाने की शक्ति है।

## गोल्डी और लॉरेंस गैंग ने ली जिम्मेदारी

# कपिल शर्मा के कनाडा के कैफे पर फिर फायरिंग, कोई हताहत नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




मशहूर कॉमेडियन कपिल शर्मा के कनाडा के सरे शहर स्थित कैफे पर एक बार फिर फायरिंग की घटना सामने आई है। ये दूसरी बार है जब उनके कैफे को निशाना बनाया गया है। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ लोग एक कार में बैठकर कैफे की ओर गोलीबारी करते नजर आ रहे हैं। इसी बीच गोल्डी ढिल्लन और लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने इस फायरिंग की जिम्मेदारी ली है। उसने सोशल मीडिया पोस्ट के ज़रिए दावा किया कि हमला उसी के गिरोह ने किया है। पोस्ट में दावा किया है कि हमने इसको (संभवतः टारगेट को) कॉल की थी, इसको रिंग नहीं सुनाई दी तो कार्रवाई करनी पड़ी। अब भी रिंग नहीं सुनेगा तो अगली कार्रवाई जल्द ही मुंबई में करेंगे। सर्रे पुलिस सेवा ने बताया कि उसे 10 जुलाई की रात 1:50 बजे 120 स्ट्रीट के 8400 ब्लॉक में स्थित एक प्रतिष्ठान में गोलीबारी की सूचना मिली। घटनास्थल पर पहुंचने पर पता चला कि गोलियां प्रतिष्ठान की ओर चलाई गई थीं, इसमें कोई हताहत नहीं हुआ।

# एनएसए डोभाल ने रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव से मुलाकात की

भाषा ▶▶ नई दिल्ली/ मास्को

■ **पुतिन के भारत दौरे की तारीखों पर काम किया जा रहा**

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने बृहस्पतिवार को रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव सर्गेई शोइगु से मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक, डोभाल ने कहा कि रूस में अपनी बैठकों में कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे की तारीखों पर काम किया जा रहा है। सूत्रों ने कहा कि एनएसए ने अपनी बातचीत में कोई विशेष तिथि या समय नहीं बताया है।एक सूत्र ने कहा, ''एनएसए डोभाल ने अपनी मास्को यात्रा के दौरान कहा कि राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा की तारीखों पर काम किया जा रहा है।'' सूत्रों ने कहा कि मीडिया के एक वर्ग में अगस्त के अंत का जो समय (प्रस्तावित दौरे का) बताया जा रहा है, वह गलत है। डोभाल ने रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव सर्गेई शोइगु और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत की, जिसमें द्विपक्षीय ऊर्जा और रक्षा सहयोग के साथ-साथ पुतिन की भारत यात्रा पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। डोभाल बुधवार को मास्को पहुंचे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले वर्ष पुतिन के साथ वार्षिक शिखर सम्मेलन तथा कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दो बार रूस गए थे।

## ट्रंप की शुल्क धमकी के बीच ब्राजील के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी से बात की

**नई दिल्ली (भाषा)।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला दा सिल्वा ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से टेलीफोन पर बात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने व्यापार, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, रक्षा, कृषि, स्वास्थ्य और लोगों के बीच संबंधों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने यह जानकारी दी। यह घटनाक्रम अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने संबंधी कार्यकारी आदेश जारी करने के एक दिन बाद आया है। पीएमओ ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति ने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

## धराली हादसा: 400 लोग अभी भी फंसे

# 9 सैन्यकर्मी सहित 50 अभी भी लापता

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड राज्य के धराली में हुए हादसे में अब तक 5 मौतों की पुष्टि हो चुकी है। 70 लोगों का रेस्क्यू किया गया है। प्रशासन के हवाले से सेना ने बताया कि 50 से ज्यादा लोग लापता हैं। इनमें एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर (जेसीओ) और 8 शामिल हैं। वहीं, आर्मी के 9 जवानों और 3 सिविलियंस को हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू कर देहरादून लाया गया। गंभीर रूप से घायल 5 लोगों को एम्स ऋषिकेश, 9 लोगों को उत्तरकाशी के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आपदा प्रबंधन सचिव ने बताया कि गंगोत्री और आसपास के क्षेत्रों में करीब 400 लोग फंसे हैं। वहां से अब तक 274 लोगों को हर्षिल लाया गया है। सभी को हर्षिल से उत्तरकाशी और देहरादून लाने का काम जारी है। रेस्क्यू और राहत कार्यों में 479 अधिकारी और सदस्य सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। इसके अलावा, राहत कार्य के लिए तैनात 814 अन्य सदस्य अलग-अलग स्थानों से रवाना किए गए हैं। दरअसल, उत्तरकाशी जिले के धराली में मंगलवार 5 अगस्त को दोपहर 1.45 बजे बादल फट गया था। गंगोत्री के पहाड़ों से बहने वाली खीर गंगा नदी में बाढ़ आ गई। तेज रफ्तार पानी के साथ आए मलबे ने 34 सेकेंड में धराली गांव को जमींदोज कर दिया था।

राहत कार्य में जुटे हैं 814 रेस्क्यू कर्मी

294 बेड्स और 65 आईसीयू बेड्स की व्यवस्था

सीएम पुष्कर धामी स्थिति की निगरानी कर रहे

**प्रभावित लोगों को उत्तरकाशी और देहरादून भेजा**



*राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि अब तक गंगोत्री और अन्य क्षेत्रों से कुल 274 लोगों को हर्षिल लाया गया है, जिनमें गुजरात के 131, महाराष्ट्र के 123, मध्य प्रदेश के 21, उत्तर प्रदेश के 12, राजस्थान के 6, दिल्ली के 7, असम और कर्नाटक के 5-5, तेलंगाना के 3 और पंजाब का एक व्यक्ति शामिल हैं।*

**6 हेलिकॉप्टर बचाव अभियान में लगे**

रेस्क्यू ऑपरेशन में वायुसेना के चिनूक और एमआई-17 सहित कुल 6 हेलिकॉप्टर, राज्य सरकार की ओर से युकाड़ा द्वारा तैनात किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, 2 अन्य हेलिकॉप्टर लगाए जा रहे हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25